वर्ष 24, अंक 174, पृष्ठ 08, मूल्य: 3.00

अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शुक्रवार 2 जनवरी 2025 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

'सुदर्शन चक्र' जल्द बनेगा हकीकत:

राजनाथ सिंह ने डीआरडीओ की क्षमता पर जताया भरोसा

नई दिल्ली
रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को राष्ट्रीय राजधानी में डीआरडीओ भवन में डीआरडीओ स्थापना दिवस के अवसर पर एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। राजनाथ सिंह ने नई दिल्ली स्थित डीआरडीओ मुख्यालय के 68वें स्थापना दिवस के अवसर पर अपने दौरे के दौरान कहा कि सिंदूर ऑपरेशन के दौरान डीआरडीओ द्वारा विकसित हथियार प्रणालियों ने निर्णायक भूमिका निभाई, जो राष्ट्रीय हितों की रक्षा के प्रति संगठन की व्यावसायिकता और प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उन्होंने सशस्त्र बलों को अत्याधुनिक तकनीकों/उपकरणों से लैस करके भारत की स्वदेशी क्षमताओं को मजबूत करने के लिए डीआरडीओ की सराहना करते हुए कहा कि ऑपरेशन के दौरान डीआरडीओ के उपकरणों ने निर्बाध रूप से काम किया,

जिससे सैनिकों का मनोबल बढ़ा। रक्षा मंत्री ने विश्वास जताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा लाल किले की प्राचीर से स्वतंत्रता दिवस 2025 के अपने संबोधन में घोषित सुदर्शन चक्र की स्थापना में डीआरडीओ महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि इस पहल के तहत, डीआरडीओ अगले दशक में पूर्ण हवाई सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हमारे महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों को वायु रक्षा प्रणाली से लैस करने के लिए जिम्मेदार है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमने आधुनिक युद्ध में वायु रक्षा के महत्व को देखा। मुझे विश्वास है कि डीआरडीओ इस लक्ष्य को जल्द से जल्द हासिल करने के लिए पूरी लगन से काम करेगा।

राजनाथ सिंह ने डीआरडीओ की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह प्रौद्योगिकी निमार्ता होने के साथ-साथ विश्वास निमार्ता भी है, जिससे लोग आशा, निश्चितता और विश्वास के साथ इसकी ओर देखते हैं।

निजी क्षेत्र के साथ डीआरडीओ के सहयोग को स्वीकार करते हुए, उन्होंने कहा कि उद्योग, शिक्षा जगत और स्टार्टअप्स के साथ बढ़ते जुड़ाव से एक समन्वित रक्षा पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण हुआ है। उन्होंने कहा, ह्लडीआरडीओ ने अपनी प्रणालियों, प्रक्रियाओं और कार्यप्रणाली में लगातार सुधार किया है।

असम विधानसभा चुनाव में 'बांग्लादेशी घुसपैठ' सबसे बड़ा मुद्दा बना

असम
असम में बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ हिमंत बिस्व सरमा सरकार का सख्त और बिना समझौते वाला रुख आज राज्य की राजनीति की धुरी बन चुका है। पिछले पांच वर्षों में एक ओर जहां अवैध घुसपैठ पर निर्णायक कार्रवाई की गयी वहीं दूसरी ओर तेज आर्थिक वृद्धि, मजबूत कानून व्यवस्था और आक्रामक बुनियादी ढांचे के निर्माण ने मुख्यमंत्री को एक परिणाम देने वाले नेता के रूप में स्थापित किया है। इसी दोहरे एजेंडे यानि सुरक्षा और विकास के सहारे भाजपा विधानसभा चुनाव से पहले बेहद मजबूत स्थिति में दिखाई दे रही है। असम की जनता के बीच यह संदेश एकदम स्पष्ट है कि राज्य अब न तो घुसपैठ को बर्दाश्त करेगा और न ही विकास की रफ्तार धीमी पड़ने देगा। हम आपको बता दें कि राज्य के

मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने साफ कहा है कि विदेशी न्यायाधिकरण द्वारा किसी व्यक्ति को विदेशी घोषित किए जाने के एक सप्ताह के भीतर उसे राज्य से बाहर धकेल दिया जाएगा।

इंदौर में हाई-लेवल मीटिंग, मंत्री ने माना 'गंभीर घटना', जल्द होगा सुधार

इंदौर
मुख्यमंत्री मोहन यादव के निर्देशानुसार, इंदौर में दूषित जल की समस्या पर गुरुवार को एक उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में स्थिति की समीक्षा की गई और राहत उपायों का समन्वय किया गया। इस घटना में कम से कम चार लोगों की मौत हो गई और 140 से अधिक लोग बीमार पड़ गए। बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव (एसीएस) संजय दुबे, शहरी विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावत, इंदौर के महापौर पुष्यमित्र भार्गव,

संभागीय आयुक्त सुदाम खाडे, जिला कलेक्टर शिवम वर्मा और इंदौर नगर निगम आयुक्त दिलीप कुमार उपस्थित थे। बैठक के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए मंत्री विजयवर्गीय ने कहा कि आज हमने बैठक की और निविदा संबंधी मुद्दों (जल आपूर्ति लाइन से संबंधित) और अन्य छोटी-मोटी समस्याओं का समाधान किया, जिनके कारण काम में बाधा आ रही थी। भागीरथपुरा क्षेत्र की निविदा कल तक स्वीकृत हो जाएगी और काम शुरू हो जाएगा। शहर में पानी से जुड़ी सभी समस्याओं को पहले हल करने के निर्देश दिए गए हैं।

वंदे भारत स्लीपर का इंतजार खत्म! पीएम दिखाएंगे हरी झंडी

गुवाहाटी
रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को वंदे भारत स्लीपर ट्रेन से संबंधित एक महत्वपूर्ण घोषणा की। उनके अनुसार, सरकार ने वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का परीक्षण, जांच और प्रमाणीकरण पूरा कर लिया है और इसके लिए पहला मार्ग गुवाहाटी और कोलकाता के बीच चुना गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जनवरी 2026 के उत्तरार्ध में वंदे भारत स्लीपर ट्रेन को हरी झंडी दिखाने की उम्मीद है। वंदे भारत स्लीपर एक पूरी तरह से वातानुकूलित ट्रेन है जिसे भारतीय रेलवे ने लंबी दूरी के मार्गों और रात्रिकालीन यात्राओं के लिए बनाया है। अश्विनी वैष्णव के अनुसार, दो वंदे भारत स्लीपर ट्रेन तैयार हैं और इनका सफल परीक्षण हो चुका है। ये नई ट्रेनें राष्ट्रीय परिवहन कंपनी के 120-150 किमी प्रति घंटे की गति वाले मार्गों पर चलाई जाएंगी ।प्रत्येक वंदे भारत स्लीपर ट्रेन में 16 कोच हैं। इनमें 11 एसी थ्री-टियर, 4 एसी टू-टियर और एक एसी फर्स्ट-टियर कोच शामिल हैं। ट्रेन में 823 यात्रियों के बैठने की क्षमता है। वैष्णव ने बताया कि अगले छह महीनों में आठ और वंदे भारत स्लीपर ट्रेनें शुरू की जाएंगी।

ठाकरे ब्रदर्स 4 को तो बीजेपी 5 को घोषणापत्र करेगी जारी

मुंबई
बीएमसी चुनाव में गठबंधन कर उतरे उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे 4 जनवरी को संयुक्त वचननामा घोषित करेंगे। 5 को पूर्वी उपनगर से प्रचार की शुरूआत करेंगे। उद्धव सेना के एक नेता ने बताया कि 5 जनवरी की सभा की तैयारी चल रही है। पार्टी ने 11 और 12 जनवरी को शिवाजी पार्क में रैली के लिए आवेदन दिया है। वहीं मुंबई बीजेपी अध्यक्ष अमित साटम ने बताया कि 5 जनवरी के बाद घोषणा पत्र जारी करेंगे। केंद्रीय राज्य मंत्री रामदास आठवले ने बुधवार को सीएम देवेंद्र फडणवीस और डीसीएम एकनाथ शिंदे से

मुलाकात की। माना जा रहा है कि दोनों पार्टियों से नाराज आठवले ज्यादातर सीटों पर पीछे हट जाएंगे। राउत ने मोदी के दौरे का विरोध किया शिवसेना नेता संजय राउत ने 11 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुंबई दौरे का विरोध किया है। उन्होंने कहा कि आचार संहिता लागू है, ऐसे में चुनाव आयोग को पीएम को मुंबई आने से रोकना चाहिए। इधर, बुधवार को नामांकन स्क्रूटनी का काम हुआ। बीएमसी के लिए दाखिल पर्चों में 167 खारिज हो गए। सांसद मिलिंद देवड़ा ने डिजिटल सिग्नेचर वाले एबी फॉर्म को खारिज करने की मांग आयोग से की है।

'शिक्षकों से आवारा कुत्तों की गिनती का आदेश नहीं'

दिल्ली शिक्षा निदेशालय ने दर्ज कराई शिकायत

नईदिल्ली
दिल्ली के शिक्षा निदेशालय ने सरकारी स्कूलों के शिक्षकों से आवारा कुत्तों की गिनती कराए जाने को लेकर सोशल मीडिया पर फैल रही खबरों को पूरी तरह भ्रामक, गलत और फर्जी बताया है. निदेशालय ने साफ कहा है कि इस तरह का कोई भी आदेश कभी जारी नहीं किया गया और यह खबर शिक्षा विभाग को बदनाम करने की एक सोची-समझी साजिश का हिस्सा है. इस मामले को गंभीरता

से लेते हुए दिल्ली शिक्षा निदेशालय ने दिल्ली पुलिस से औपचारिक शिकायत दर्ज कराई है. सिविल लाइंस थाने में दी गई शिकायत में उन सोशल मीडिया हैंडल्स की सूची भी पुलिस को सौंपी गई है, जिनके जरिए यह झूठी जानकारी फैलाई जा रही थी. निदेशालय ने मांग की है कि दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए. दिल्ली शिक्षा निदेशालय की निदेशक वेदिथा रेड्डी ने इस पूरे मामले पर स्पष्ट बयान देते हुए कहा कि शिक्षकों से आवारा कुत्तों की गिनती कराने को लेकर विभाग की ओर से कभी कोई निर्देश जारी नहीं किया गया।

कश्मीर में कभी शाम 7 बजे सन्नाटा पसर जाता था

मगर मोदी ने माहौल बदल कर रख दिया, जमकर मना नये साल का जश्न

कश्मीर
कश्मीर का लाल चौक, जहां कभी शाम सात बजे के बाद सन्नाटा पसर जाया करता था, वह इलाका 31 दिसंबर 2025 की रात बिल्कुल बदला-बदला नजर आया। नववर्ष के स्वागत में देर रात तक जश्न चला, बड़ी संख्या में देश-विदेश से आए सैलानी सड़कों पर उमड़े और रोशनी, संगीत व उल्लास के बीच नए साल का अभिनंदन किया गया। इस ऐतिहासिक बदलाव के बीच सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। हर ओर सुरक्षा बलों की तैनाती, सतर्क निगरानी और सख्त जांच व्यवस्था यह संदेश दे रही थी कि शांति और जश्न में खलल डालने की किसी भी कोशिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

हम आपको बता दें कि जम्मू-कश्मीर में आतंक के मंसूबों को कुचलने के लिए सुरक्षा बल पूरी ताकत से मोर्चे पर डटे हुए हैं। चिनाब घाटी से लेकर कश्मीर के प्रमुख पर्यटन स्थलों तक सतर्कता की सख्त चादर बिछा दी गई है। संदेश साफ है कि जश्न के माहौल को बिगाड़ने की किसी भी साजिश को जड़ में ही कुचल दिया जाएगा।

चिनाब घाटी के ऊंचाई वाले इलाकों यानि डोडा, किश्तवाड़, भद्रवाह से सटे उधमपुर, रियासी और कठुआ में सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस के विशेष अभियान समूह (एसओजी) ने निगरानी कई गुना बढ़ा दी है। कभी आतंकियों के लिए

शरणस्थली रहे बर्फ से ढके दुर्गम पहाड़ अब उनके लिए काल साबित हो रहे हैं।

हम आपको यह भी बता दें कि खुफिया आकलन के अनुसार जम्मू क्षेत्र के जंगलों में 30 से 35 पाकिस्तानी आतंकी सक्रिय बताए जा रहे हैं। ऊपरी दर्रे बंद होने से पहले आतंकियों के निचले इलाकों की ओर खिसकने की आशंका को देखते हुए उच्च, मध्य और ऊपरी पर्वतीय क्षेत्रों में सघन तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। पिछले सप्ताह से चिनाब घाटी के साथ-साथ राजौरी और पुंछ में भी बड़े पैमाने पर आतंकवाद-रोधी अभियान जारी हैं। सुरक्षा बलों का फोकस स्पष्ट है कि आतंकियों को सांस लेने का मौका नहीं देना है और उनके सपोर्ट सिस्टम को पूरी तरह ध्वस्त करना है।

पुलिस अधिकारियों के मुताबिक आतंकी मौसम और भूगोल का फायदा उठाकर नववर्ष के दौरान वारदात को अंजाम देने की कोशिश कर सकते हैं, इसी कारण हर संभावित रास्ते पर पहरा कसा गया है। घाटी के भीतर, खासकर पर्यटन स्थलों पर बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था लागू है।

विवाहिता का शव फांसी के फंदे से लटकता मिला, मायके पक्ष का आरोप दहेज हत्या

अखंड भारत संदेश

उतरांव। जनपद प्रयागराज के उतरांव थाना क्षेत्र की मंडौर गांव में एक विवाहिता का शव फंदे से लटका मिला। जहां मायके पक्ष के लोगों ने पहुंचकर हंगामा किया। वहीं फॉरेंसिक टीम के आने पर शव को फांसी के फंदे से उतारा गया। मंडौर निवासी राहुल कुमार भारतीया जो मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता है। गुरुवार को प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार घर पर कोई नहीं था। उसकी पत्नी डाली उम्र 20 वर्ष जो कमरे के अंदर पंखे में साड़ी के फंदे से शव लटका मिला। पुलिस को सूचना दी गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने मायके के पक्ष को सूचना दी। वहीं मायके पक्ष के लोगों ने मौके पर पहुंचकर दहेज हत्या का आरोप लगाकर हंगामा खड़ा कर दिया। डाली का विवाह 2024 में राहुल भारतीया के साथ हुआ था।

मृतका की फाइल फोटो

अभी उनके बच्चे नहीं थे। मृतका डाली का मायका ठकुराइन का पूरा थाना ऊंज में है। उनके पिता अरविंद की मृत्यु हो चुकी है। मृतिका के भाई सूरज माता सैला तथा दादा राजाराम है। मौके पर पहुंचकर मायके पक्ष के लोगों ने हंगामा करते हुए ससुराली जनों पर मारपीट कर हत्या कर शव को फांसी के फंदे पर लटकाने का आरोप लगाया है। वहीं मायके पक्ष के लोगों ने दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए ससुराली जनों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। सूचना पर एसीपी हंडिया शेषधर पांडे थाना अध्यक्ष उतराव प्रीतम कुमार तिवारी मय फोर्स पहुंचकर समझा बुझाकर मामले को शांत कराया है। फॉरेंसिक टीम सैंपल लेकर मामले की जांच पड़ताल कर रही है। वही मजिस्ट्रेट एसीपी फूलपुर विवेक यादव ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। एसीपी हंडिया शेषधर पांडे ने बताया कि मृतिका के दादा राजा राम ने पति के खिलाफ दहेज हत्या समेत अन्य धाराओं में लिखित रूप से तहरीर दी।

साइबर ठगों ने महिला को किया डिजिटल अरेस्ट, बैंक प्रबंधक ने बचाया

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। सुप्रीम कोर्ट का जज बनकर किया डिजिटल अरेस्ट, बच गई साइबर ठगी सिविल लाइंस निवासी सेवानिवृत्त महिला शिक्षिका को डिजिटल अरेस्ट कर दो करोड़ रुपये की ठगी का प्रयास किया गया। ठगों ने शिक्षिका को मनी लॉन्ड्रिंग के केस में फंसाने और गिरफ्तारी की धमकी देकर तीन दिन तक डिजिटल अरेस्ट पर रखा। मंगलवार को पीएनबी में 1.20 करोड़ की एफडी तोड़कर दूसरे खाते में ट्रांसफर कराने पहुंची तो पीएनबी मैनेजर व कर्मचारियों ने संदेह से साइबर ठगी से बच गईं। सिविल लाइन निवासी 65 वर्षीय सेवानिवृत्त शिक्षिका घर पर अकेले ही रहती हैं। उनके दो बेटे बाहर रहकर नौकरी करते हैं। जबकि पति का निधन हो चुका है। शिक्षिका के पास 26 दिसंबर को अनजान नंबर से फोन आया। शातिरों ने महिला को उनके आधारकार्ड पर फर्जी बैंक खाते से करोड़ रुपये लेनदेन होने की



जानकारी दी। इसके बाद मनी लॉड्रिंग के मामले में ईडी और सुप्रीम कोर्ट का डर दिखाया। तत्काल गिरफ्तारी से बचने के लिए तीन दिन तक वीडियो कॉल पर डिजिटल अरेस्ट रखा। मंगलवार को पीएनबी शाखा सिविल लाइंस पहुंची और अपनी 1.20 करोड़ की एफडी को तोड़कर दूसरे बैंक खाते से भेजने लगी। इस पर शाखा प्रबंधक विपिन कुमार समेत कर्मियों ने महिला शिक्षिका की घबराहट देख आशंका व्यक्त की। पूछताछ करने पर महिला सही से जवाब नहीं दे सकी। सूचना पर पहुंची साइबर पुलिस की टीम ने महिला से काउंसलिंग की तो डिजिटल अरेस्ट होने का खुलासा हुआ। सुप्रीम कोर्ट का जज बनकर ठगने का था प्रयास पुलिस जांच में पता चला कि महिला को साइबर ठगों ने सुप्रीम कोर्ट का जज बनकर ठगी करने का प्रयास किया था। पुलिस और बैंक कर्मियों ने जिस बैंक खाते में रुपये भेजना था, उसकी भी जांच की गई तो पता चला कि ठगों ने 25 अक्तूबर को नया बैंक खाता खोला है। वहीं, शाखा प्रबंधक विपिन कुमार कहना कि महिला शिक्षिका का खाता वर्तमान में फ्रीज कर दिया गया है। ताकि किसी तरह से रुपये न निकाल सके। कभी पुलिस डिजिटल अरेस्ट नहीं करती है, अगर कोई वारंट होगा तो पुलिस घर आएगी। अंजान नंबर से बिलकुल भरोसा न करें, अगर कोई आपको डराए तो तुरंत पुलिस को सूचना दें। अंजान नंबर से आए वीडियो कॉल पर पुलिस की वर्दी पहने कोई कॉल करें तो तुरंत फोन काट दें। साइबर ठगी होने पर तुरंत हेल्प लाइन नंबर 1930 या फिर cybercrime.in पर सूचना दें। सुप्रीम कोर्ट के जज बनकर शातिरों ने महिला को डिजिटल अरेस्ट किया था। हालांकि, बैंक कर्मियों व साइबर पुलिस की सतर्कता से उन्हें बचा लिया गया है। **– राजकुमार मीना, एसीपी, साइबर क्राइम।**

बाबू जे.आर. डी. पाल इंटर कॉलेज में नए वर्ष पर हुआ भव्य कार्यक्रम

अखंड भारत संदेश

थरवई। नए वर्ष पर थरवई स्थित बाबू जे. आर. डी. पाल इंटरमीडिट कॉलेज में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक एस. एन. पाल, डॉ जगन्नाथ पाल, हरिश्चंद्र पाल, शशि भूषण यादव, सज्जन द्विवेदी, पिंटू शुक्ला, के.के. यादव सहित अनेक गणमान्य अतिथि मौजूद रहे। अतिथियों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विद्यालय प्रबंधक बाबू जे.आर.डी. पाल इंटर कॉलेज शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक, नैतिक और सामाजिक मूल्यों के विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विद्यालय परिवार का सराहनीय योगदान रहा। वहीं आदर्श पाल ने भी बच्चों की सराहना की। और कहा की आज के बच्चे कल का भविष्य होंगे।

बिजली के टावर पर चढ़ी युवती प्रेमी के साथ शादी पर अड़ी, पुलिस ने उतरवाया

मऊआइमा। मऊआइमा इलाके के एक गांव की एक युवती गांव में लगे बिजली के टावर पर चढ गई।और वह अपने प्रेमी से शादी की जिद पर अड़ गई। लोगों की भीड लग गई।ग्रामीणों ने बहुत समझाया परन्तु युवती टावर से नीचे नहीं उतर रही थी। युवती कह रही थी वह एक लडके से काफी समय से मोहब्बत कर रही है। उसी से शादी करायी जाए।और शादी की जिद पर अड़ी हुई थी। सूचना पर मऊआइमा के कल्याणपुर बूथ की पुलिस मौके पर पहुंच कर घंटों मशक्कत के बाद समझा बुझाकर कर युवती को बिजली के टावर से नीचे उतारवाया। बताया गया है कि प्रेमिका और प्रेमी के परिजनों को पुलिस बुलाकर पुलिस बूथ पर ले गयी। जहां घंटों मान मनौव्वल का दौर चला । और दोनों परिजनों ने आपसी सहमती बनाकर शादी की बात कही।और अपने अपने घरों को चले गए।

मेजा के वरिष्ठ सब इंस्पेक्टर की मौत, डीसीपी समेत पुलिस कर्मियों ने व्यक्त की शोक संवेदना

अखंड भारत संदेश

मेजा,प्रयागराज। मेजा थाने में तैनात वरिष्ठ सब इंस्पेक्टर की नव वर्ष के पहले दिन उपचार के दौरान दोपहर 2 बजे अस्पताल में मौत हो गई।इससे परिजनो में कोहराम मच गया है।जबकि पुलिस महकमे में शोक की लहर दौड़ पड़ी है। प्रयागराज जिले के यमुनापार के मेजा थाने में तैनात वरिष्ठ सब इंस्पेक्टर नवीन कुमार सिंह (46) बीते कई माह माह से बीमार चल रहे थे। वह मूल रूप से बनारस जिले के चौबेपुर थाना क्षेत्र के पियरी गांव के निवासी थी। मेजा में तैनाती के बाद से ही वह मेडिकल छुट्टी पर थे। नव वर्ष के पहले ही दिन गुरुवार की दोपहर 2 बजे उन्होंने बनारस के हेरिटेज ट्रामा सेंटर में अंतिम सांस ली। दोपहर में इसकी सूचना जेसे ही मेजा थाना प्रभारी दीनदयाल सिंह के पास आई तो पुलिस कर्मियों में शोक की लहर दौड़ पड़ी। बताया जाता है की उन्हें लीवर की गंभीर समस्या के चलते परिजनो द्वारा बनारस के उक्त ट्रामा में भर्ती कराया जा रहा था।जहां उनकी हालत में कोई सुधार नहीं हुआ और आज उनकी उपचार के दौरान ही मौत हो गई। घटना को लेकर मृतक की पत्नी विन्नी सिंह,बेटा अमन सिंह,बेटी वंशिका सहित परिजनो का रो रो कर बुरा हाल हो गया है।

वहीं मेजा एसीपी एस पी उपाध्याय,मेजा थाना प्रभारी दीनदयाल सिंह,मेजा रोड़ चौकी प्रभारी हरिओम सिंह,सिरसा चौकी प्रभारी अनिल कुमार पांडेय,जेवनिया चौकी प्रभारी सुमित कुमार त्रिपाठी सहित पुलिस कर्मियों ने थाना परिसर में दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए शोक जताया है। जबकि यमुनापार के डीसीपी विवेक चंद्र यादव ने भी सब इंस्पेक्टर की मौत पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

नैनी पुलिस ने वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

नैनी। नैनी थाना पुलिस टीम ने बुधवार को मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। अभियुक्त के कब्जे से एक अवैध देशी तमंचा (.315 बोर) एवं दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार, रामलीला ग्राउंड रोड के पास से नामजद वांछित अभियुक्त सोहन कुमार पुत्र राममिलन निवासी चकदाऊद नगर थाना नैनी को गिरफ्तार किया गया। बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध धारा अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम नैनी कोतवाली प्रभारी बृजकिशोर गौतम, उ0नि0 बलिराम कुमार, धर्मेन्द्र कुमार यादव, हर्ष कुमार, योगेन्द्र कुमार, राकेश कुमार यादव शामिल रहे।

नैनी सेंटर में नववर्ष का भव्य स्वागत, उमड़ा उत्साह

नैनी। नैनी सेंटर में नववर्ष का स्वागत हर्षोल्लास और उत्साहपूर्ण माहौल में किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग एकत्र हुए और एक-दूसरे को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान आपसी सौहार्द, सामाजिक एकता और नए वर्ष के प्रति सकारात्मक संकल्पों की झलक देखने को मिली।समाचार पत्र विक्रेताओं ने नैनी के मेवालाल कि बगिया पर एकत्र होकर केक काटकर नववर्ष का जश्न मनाया तथा गले मिलकर एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं। लोगों ने मिठाइयाँ बांटकर खुशी साझा की। सांस्कृतिक और सौहार्दपूर्ण वातावरण के बीच उपस्थित लोगों ने आने वाले वर्ष में क्षेत्र के विकास, भाई चारे और सामाजिक सहयोग को और अधिक मजबूत करने का संकल्प लिया। पूरे आयोजन में उत्साह और उमंग का वातावरण बना रहा। इस अवसर पर मोहम्मद पवन, अनुज, शिवेंद्र, रवि, कौशल, आलोक मिश्रा, विपिन राय, संदीप, रंजीत केसरवानी, अजय शर्मा, राजा शर्मा, विजय राय, घनश्याम केसरवानी, मनोज, अमितशर्मा, लव कुश, नेता ओपी मिश्रा, ओम प्रकाश साहू, अभिषेक, जसवीर, शिव कुमार सहित अनेक लोग मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में नववर्ष को शांति, समृद्धि और प्रगति का वर्ष बनाने की कामना की।

सात वर्षीय बच्चे की मौत से परिवार में मचा कोहराम

लालापुर। थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत चिल्ला गौहानी में एक जनवरी को दोपहर लगभग दो बजे एक पिकअप गाड़ी ने सात वर्षीय बच्चे को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। देखते देखते सैकड़ों लोग एकत्रित हो गए। सूचना पाकर थानाध्यक्ष, लालापुर एवं एसीपी बारा निकिता श्रीवास्तव मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया । डिंपल रजक उम्र सात वर्ष, पुत्र नत्थे रजक दोपहर में सड़क किनारे था, तभी लालापुर की तरफ जा रही पिकअप गाड़ी नम्बर यूपी 70 एल टी 8477 ने उसे टक्कर मार दी जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। मौके पर एसीपी बारा निकिता श्रीवास्तव एवम थाना अध्यक्ष लालापुर अनुभव सिंह सहित पुलिस फोर्स मौजूद रही। पुलिस ने लाश का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक डिंपल रजक पांच भाई बहन में सबसे छोटा था। पिता नत्थेलाल बाहर रहकर नौकरी करते है। मां गुड़िया देवी एवम अन्य परिवार वालों का रो रो कर बुरा हाल है ।मृतक के दादा जंगी लाल की तरफ से देर शाम तक थाने पर तहरीर दी गई। एसीपी बारा निकिता श्रीवास्तव का कहना है की लालापुर थाना में तहरीर दी गई है उक्त घटना में आवश्यक विधिक कार्यवाई की जायेगी।

गौ सेवा दिवस पर प्रयाग गौ सेवा संगठन का भव्य आयोजन

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। प्रयाग गौ सेवा संगठन द्वारा गुरुवार को गौ सेवा दिवस अत्यंत श्रद्धा, भक्ति एवं भव्यता के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर गौ माता की महिमा को समर्पित गौ मंत्रोच्चार, गौ माता की प्रार्थना एवं गौ चालीसा पाठ का आयोजन किया गया, जिससे संपूर्ण वातावरण गौमय हो गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रयाग गौ सेवा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री रजनीश तिवारी जी ने की। कार्यक्रम में राष्ट्रीय प्रचारक श्री हरि मोहन पाण्डेय जी ने गौ सेवा के आध्यात्मिक, सामाजिक एवं मानवीय महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि गौ माता की सेवा से समाज में संस्कार, समरसता और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। गौ सेवा दिवस के उपलक्ष्य में रामपुर करछना चौराहा से यूनाइटेड चौराहा तक एक विशाल एवं भव्य जन-जागरूकता यात्रा निकाली गई, जिसमें गौ संरक्षण, गौ संवर्धन एवं सनातन संस्कृति के संदेश को जन-जन तक पहुँचाया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सचिव सनातनी शिवम् जी ने गौ सेवा दिवस के उद्देश्य पर अपने विचार रखे, जबकि राष्ट्रीय महासचिव श्री राज तिवारी जी ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस भव्य आयोजन में समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने बढ़-

चढ़कर सहभागिता की और गौ सेवा के इस पुनीत कार्य में संगठन को अपना पूर्ण सहयोग प्रदान किया।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित गौ सेवक एवं पदाधिकारीग विकास शुक्ला (जिला अध्यक्ष, प्रयाग गौ सेवा संगठन)मुख्य गौ सेवक माही, रविकांत पाठक, अमन द्विवेदी, अभय केशरी,उज्जल मिश्रा अनुज केशरी, शिवम् केशरी, मुख्य गौ सेवक कोरांव, विकास विश्वकर्मा, ऋषि मिश्रा, विजय बहादुर, राहुल यादव, अमित यादव, विकास पाण्डेय, विक्रम कुमार, रमेश पाण्डेय, शशि, तनुज, आयुष, कृष्ण पटेल, विनोद विश्वकर्मा, रमन सिंह, शिवांग शुक्ला, आयुष द्विवेदी, अमन द्विवेदी, प्रतीक पाण्डेय, पंकज विश्वकर्मा मुख्य गौ सेवक मेजा राहुल यादव नवदीप यादव सौरभ यादव अमन पल सन्नी यादव सुधीर यादव प्रकाश शुक्ला बृजेश पटेल सहित बड़ी संख्या में गौ सेवक उपस्थित रहे प्रयाग गौ सेवा संगठन द्वारा आयोजित यह गौ सेवा दिवस का कार्यक्रम गौ माता के प्रति श्रद्धा, सेवा और सनातन परंपरा के संरक्षण का सशक्त संदेश देता है।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा, प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025
प्रबन्धक
अनूप मिश्रा
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादो का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा

नए साल के पहले दिन मंदिरों में उमड़ी भीड़

प्रयागराज। नए साल के पहले दिन मंदिरों में काफी भीड़ रही। संगम तट पर स्थित श्री बड़े हनुमान जी का दर्शन करने के लिए सुबह ही भक्तों की लंबी कतार लगी रही। यहां पर बड़ी संख्या में पुलिस बल की ड्यूटी लगाई गई। भक्तों ने श्री बड़े हनुमानजी का दर्शन पूजन कर लड्डू के साथ भीगा चना और तुलसी दल का भोग लगाया। जय श्री राम और जय बजरंग बली के जयकारों से पूरा वातावरण गुंजायमान रहा। बजरंग बली का दर्शन करने के बाद भक्तों ने नौका विहार का भी आनंद लिया। संगम के घाटों पर वीआईपी किला घाट से लेकर संगम नोज तक लोगों की भारी भीड़ रही। लोगों ने ऊंट की सवारी और नौका विहार का आनंद लिया। घाट पर मेले जैसा दृश्य रहा। कड़ाके की ठंड में धूप निकलने से लोगों की भीड़ और ज्यादा बढ़ गई।यमुना तट पर स्थित श्री मनकामेश्वर महादेव मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ रही। लोगों ने दूध और बेल पत्र के साथ गंगा जल चढ़ाकर भगवान शिव की आराधना की। भीड़ के मद्देनजर यहां पर भारी पैमाने पर फोर्स तैनात किया गया है। नया यमुना ब्रिज भी लोगों से गुलजार रहा। बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर सेल्फी ली। होटल, रेस्टूरेंट और खान पान के दुकानों पर लोगों की काफी भीड़ रही।

नैनी अवन्तिका विकास समिति की नई कार्यकारिणी घोषित

नैनी। नैनी अवन्तिका विकास समिति के कार्यकारिणी की एक वार्षिक बैठक सम्पन्न हुई जिसमें वर्ष 2026 के लिए नए पदाधिकारियों का चयन किया गया। चयनित पदाधिकारियों में अनिल कुमार द्विवेदी को अध्यक्ष, गंगा प्रसाद ठाकुर व धीरेन्द्र चौधरी को उपाध्यक्ष, रणवीर सिंह को महामंत्री, गोविंद सिंह चौहान को मंत्री, सुभाष चंद्र को कोषाध्यक्ष तथा आलोक गुप्ता को संगठन मंत्री बनाया गया। इसके अतिरिक्त सुषमा विश्वकर्मा, अनिल मिश्र, विवेक द्विवेदी, दीपक पटेल, एम आर कुशवाहा, सचिन यादव को कार्यकारिणी सदस्य चयनित किया गया। चयन समिति में समिति के संयोजक गजेन्द्र प्रताप सिंह, सह संयोजक जगदम्बा प्रसाद शुक्ल, उप संयोजक अखिलेश सिंह सहित अन्य वरिष्ठ सदस्य शामिल रहे। पार्षद रणविजय सिंह व समाजसेवी नर सिंह की मौजूदगी में पूर्व पदाधिकारियों द्वारा नवनिर्वाचित सभी पदाधिकारियों का स्वागत किया गया।

मण्डलायुक्त ने माघ मेला-2026 के दृष्टिगत तैयारियों का निरीक्षण कर जायजा लिया, दिये निर्देश

घाटों पर साफ-सफाई, चेंजिंग रूम, साइनेज, विद्युत पोलों पर नम्बरिंग पानी में बैरिकेटिंग लगाये जाने के दिए निर्देश

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। मण्डलायुक्त सौम्या अग्रवाल ने मेलाधिकारी ऋषिराज एवं एसएसपी मेला नीरज पाण्डेय के साथ गुरूवार को माघ मेला-2026 के दृष्टिगत हो रही तैयारियों का निरीक्षण कर जायजा लिया तथा सभी सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सर्वप्रथम संगम नोज पर स्नानार्थियों के लिए बनाये जा रहे घाटों का निरीक्षण किया। उन्होंने संगम नोज पर प्रमुख स्नान पर्वों पर स्नानार्थियों के लिए सकुर्लेटिंग एरिया बढ़ाये जाने के कार्य व स्नान हेतु घाटों के विस्तारीकरण एवं संगम नोज पर गंगा नदी के तेज प्रवाह के कारण संकरे हुए स्नानघाट की चौड़ाई किस प्रकार बढ़ायी जाये, जिससे ज्यादा से ज्यादा स्नानार्थियों को सुरक्षित एवं चौड़ा घाट उपलब्ध हो सके, के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिए। मण्डलायुक्त ने अधिकारियों के साथ माघ मेला-2026 में सुगम स्नान हेतु संगम नोज से लेकर कालीमार्ग तक बनाये गये प्रत्येक घाट का निरीक्षण किया तथा वहां पर सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। उन्होंने घाटों के पास जमीन के समतलीकरण, वहां पर साफ-सफाई का विशेष ध्यान दिए जाने, चेंजिंग रूम, साइनेज तथा आने व जाने का मार्गों पर दिशा सूचक चिन्ह लगाये जाने, विद्युत पोलों पर नम्बरिंग करने तथा स्नान घाटों पर पानी में जहां पर अभी बैरिकेटिंग नहीं बनायी गई है, वहां पर बैरिकेटिंग लगाये जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने संगम नोज सहित सभी स्नान घाटों पर भीड़ नियंत्रण की व्यवस्था के बारे में विचार-विमर्श किया।मण्डलायुक्त ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ लेटे हनुमान जी मंदिर में दर्शन पूजन किया तथा निमार्णाधीन कॉरिडोर के प्रगति के बारे में जानकारी ली। उन्होंने परिसर में साफ-सफाई के निर्देश दिए है। तत्पश्चात मण्डलायुक्त ने बाघम्बरी मठ के श्रीमहंत बलवीर गिरि जी महाराज से मुलाकात कर लेटे हनुमान जी मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं एवं दर्शनाथिंयों के दर्शन पूजन की व्यवस्था पर विचार-विमर्श किया।

बिना रेंट एग्रीमेंट के भी मकान मालिक कर सकेंगे किराएदार के खिलाफ बेदखली का मुकदमा

प्रयागराज । इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उत्तर प्रदेश शहरी परिसर किराएदारी विनियमन अधिनियम, 2021 की व्याख्या करते हुए एक महत्वपूर्ण कानूनी सिद्धांत प्रतिपादित किया है। कोर्ट ने कहा कि यदि मकान मालिक और किराएदार के बीच कोई रेंट एग्रीमेंट नहीं हुआ है या इसकी जानकारी रेंट अथॉरिटी को नहीं दी गई है। तब भी मकान मालिक किराएदार को बेदखल करने के लिए आवेदन कर सकता है। यह आदेश न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की एकलपीठ ने केनरा बैंक शाखा कार्यालय अलीगढ़, बरेली की मेसर्स टिफको एंड एसोसिएट्स व अन्य की याचिका पर दिया है।

संबंधित मामले में प्रतिवादी मकान मालिकों ने याचियों के खिलाफ किराया प्राधिकरण (रेंट ट्रिब्यूनल) व लघुवाद न्यायालय के समक्ष बेदखली के लिए आवेदन दायर किया था। इसके खिलाफ याचियों ने हाईकोर्ट में वाद दायर किया। उनका कहना था कि उनके व मकान मालिक के बीच कोई भी रेंड एग्रीमेंट नहीं हुआ है। ऐसे में बिना रेंड एग्रीमेंट के ट्रिब्यूनल व लघुवाद न्यायालय को मामले की सुनवाई करने का अधिकार नहीं है केनरा बैंक के मामले में मकान मालिक की ओर से अधिवक्ता विपुल राज गौतम ने हाईकोर्ट के अमित गुप्ता बनाम गुलाब चंद्र कनेडिया के फैसले का हवाला देते हुए कहा कि यदि रेंट ट्रिब्यूनल के समक्ष रेट एग्रीमेंट प्रस्तुत नहीं किया है तब भी लघुवाद न्यायालय में वाद दायर किया जा सकता है। अन्य कई दलीलें उन्होंने दी। एकल पीठ ने पक्षों को सुनने के बाद कहा कि हालांकि कानून में लिखित समझौते का प्रावधान है, लेकिन इसके अभाव में मकान मालिक को उसके कानूनी अधिकारों से वंचित नहीं किया जा सकता।

यूपी किराएदारी अधिनियम के अनुसार यदि रेंट एग्रीमेंट को ट्रिब्यूनल के समक्ष जमा नहीं किया गया है, तो मकान मालिक केवल इसी आधार पर भी बेदखली के लिए आवेदन करने का पात्र है। रेंट ट्रिब्यूनल का अधिकार क्षेत्र केवल उन मामलों तक सीमित नहीं है जहां लिखित समझौता जमा किया गया हो। यह उन किराए दारियों पर भी लागू होता है जहां कोई लिखित अनुबंध नहीं है। अदालत ने विभिन्न याचिकाओं को निस्तारित करते हुए संबंधित रेंट ट्रिब्यूनल को निर्देश दिया कि वे इन मामलों को गुण-दोष के आधार पर तय करें।

माघ मेला 2026 में करोड़ों श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए डिजिटल पहल

मेला सेवा एप के माध्यम से श्रद्धालुओं को प्रशासन से जोड़ने की अभिनव पहल

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज । माघ मेला 2026 में आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा एवं त्वरित सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मेला क्षेत्र में विद्युत पोलों पर क्यू०आर० कोड आधारित सुविधा प्रणाली लागू की गई है। यह व्यवस्था मेला सेवा एप के माध्यम से श्रद्धालुओं को सीधे प्रशासन से जोड़ने की एक अभिनव पहल है।मेला क्षेत्र में लगाए गए 15500 विद्युत पोलों पर लगे क्यू०आर० कोड को स्कैन करते ही श्रद्धालुओं के मोबाइल पर एक ऑनलाइन फॉर्म खुलेगा। इस फॉर्म में श्रद्धालु अपना नाम, मोबाइल नंबर और सुरक्षा कोड भरकर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं या आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। खास बात यह है कि मेला अवधि में लाउडस्पीकरों के शोर के कारण फोन पर शिकायत करना कठिन हो जाता है, ऐसे में क्यू०आर० कोड के माध्यम से 24X7 संचालित कंट्रोल रूम तक डिजिटल रूप से शिकायत पहुंचाई जा सकती है, जिससे त्वरित निस्तारण संभव हो सकेगा।क्यू०आर० कोड स्कैन करने पर श्रद्धालु अपनी सही लोकेशन प्रशासन के साथ साझा करते हुए तत्काल सहायता प्राप्त कर सकेंगे। प्रत्येक विद्युत पोल पर संबंधित सड़क का नाम, सेक्टर का नाम और गूगल कोड (जी-कोड) अंकित किया गया है, जिससे श्रद्धालुओं को हर समय अपनी स्थिति की जानकारी मिलती रहेगी। हर 25 मीटर के अंतराल पर लगे विद्युत पोलों पर उपलब्ध क्यू०आर० कोड के माध्यम से अस्पताल, पुलिस चौकी, घाट, पार्किंग और जन-आश्रय स्थलों की सटीक जानकारी भी प्राप्त की जा सकती है। क्यू०आर० कोड स्कैन करते ही मेला क्षेत्र का विस्तृत नक्शा भी उपलब्ध होगा। साथ ही यदि कोई परिचित या संबंधी खो जाता है, तो उसके नजदीकी विद्युत पोल पर लिखे गूगल कोड के माध्यम से गूगल मैप पर उसकी लोकेशन का पता भी लगाया जा सकता है।

पार्किंग के समय नजदीकी पोल का जी-कोड नोट कर लेने से लौटते समय उसी स्थान पर आसानी से पहुंचा जा सकता है। सभी पोलों की यूनिक नंबरिंग होने से केवल पोल नंबर बताने से सही लोकेशन तुरंत मिल सकेगी। इसके अतिरिक्त मेला हेल्पलाइन नंबर 1920 को भी और वृहद रूप में फिर से संचालित किया गया है जिसके माध्यम से लोग कंट्रोल रूम में अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

जिलाधिकारी ने पौष पूर्णिमा स्नान पर्व के दृष्टिगत घाटों व पार्किंग स्थलों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा, दिए आवश्यक निर्देश

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने अपर पुलिस आयुक्त डॉ0 अजय पाल शर्मा के साथ गुरूवार को माघ मेला-2026 के प्रथम स्नान पर्व पौष पूर्णिमा के दृष्टिगत संगम नोज सहित अन्य घाटों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा सभी सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। तत्पश्चात उन्होंने पुलिस आयुक्त जोगेन्द्र कुमार के साथ पुलिस लाइन में बनाये गये आईसीसीसी कंट्रोल रूम पहुंचकर भीड़ व यातायात प्रबंधन की हो रही मानीटरिंग को देखा।जिलाधिकारी व अपर पुलिस आयुक्त ने फाफामऊ क्षेत्र का भ्रमण कर यातायात प्रबंधन को देखा तथा बेल्हा कछार पार्किंग स्थल का निरीक्षण किया एवं वहां पर सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। तत्पश्चात उन्होंने अंदावा क्षेत्र एवं वहां पर बनाये गये पार्किंग स्थलों एवं छतनाग मार्ग का यातायात प्रबंधन के हेतु टैजफिक डायवर्जन की व्यवस्था का निरीक्षण किया तथा सभी सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए है।

हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति ने अन्न क्षेत्र का किया शुभारम्भ

प्रयागराज। मेला क्षेत्र मेंअन्नपूर्णामोरी मार्ग क्रॉसिंग सेक्टर 5 में मां दुर्गाजन सेवा आश्रम ट्रस्ट शिविर की ओर सेसंचालित अन्न क्षेत्र का शुभारम्भ गुरुगुवार को पटना उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह ने खीर वितरण के साथ किया। ट्रस्ट की अध्यक्ष लालदेवी त्रिपाठी ने न्यायमूर्ति का स्वागत करते हुए कहा कि हमारी संस्था कई वर्षों से माघ और कुम्भ मेले में अन्न क्षेत्र का संचालन कर रही है। प्रतिदिन 300 श्रद्धालुओं को भोजन प्रसाद का वितरण होता है। सिविल लाइन्स व्यापार मंडल के अध्यक्ष सुशील खरबन्दा और महामंत्री शिवशंकर सिंह नेकहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है। विकास गुप्गुता, पत्रकार वीरेन्द्र पाठक, डॉ. प्रभाकर त्रिपाठी, शशांक शेखर, डॉ. ओमप्रकाश, शास्त्री, मंजू, सुनीता मिश्रा, प्रभंजन, प्राकाम्य, प्रशांत त्रिपाठी, प्रकर्षत्रिपाठी, डॉ. सुयोग पांडेय, संकल्प दीक्षित, अंजनी राय, राम अजोर, नागेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

प्रयागराज जंक्शन से शराब तस्कर गिरफ्तार 40 पाउच बरामद

प्रयागराज। रेलवेस्टेशन और ट्रेनों मेंबढ़ती चोरी व अवैध तस्करी की घटनाओं पर रोक के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत जीआरपी प्रयागराज ने गुरुगुवार को प्रयागराज जंक्शन के प्लेटफॉर्म नंबर चार पर हावड़ा इंड एफओबी के पास एक युवक को अवैध अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया। पकड़े गए तस्कर की पहचान अमर भारतीया (20) निवासी सदियापुर, करेली के रूप मेंहुई है। उसके पास सेअंग्रेजी शराब के 40 पाउच बरामद हुए, जिनकी अनुमानित कीमत करीब 15 हजार रुपयेहै। जीआरपी के अनुसार आरोपी ट्रेन के माध्यम से शराब बिहार लेजाकर ऊंचेदामों पर बेचने की योजना बना रहा था।

घने कोहरे में लिपटी रहीं नए साल की खुशी

प्रयागराज। नए साल के पहले दिन लोग ठंड और घने कोहरे में बाहर निकले। अधिकतम तापमान 20.4 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम यू तापमान 8.4 डिग्री सेल्सियस रहा। सर्द हवाओं और कोहरे के कारण जनजीवन प्रभावित हुआ, जबकि अलाव जलाकर लोग राहत पाने की कोशिश करते रहे। रैन बसेरों में भीड़ के कारण कई लोग सड़क पर रात बिताने को मजबूर रहे।

नए साल के पहले दिन की खुशियां गुरुवार को घने कोहरे के साये में लिपटी रहीं। सर्द हवाओं और गलन से जनजीवन प्रभावित रहा। दोपहर में कुछ समय के लिए हल्की धूपधू निकली लेकिन भीषण ठंड के आगे वह भी बेअसर रही। नए साल की खुशियां मनाने के लिए घर से निकले लोग ठिठुरते रहे। गुरुवार को अधिकतम तापमान 20.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जबकि बुधवार को अधिकतम तापमान 16.2 डिग्री सेल्सियस था। यानी 24 घंटे में अधिकतम तापमान में 4.2 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि दर्ज की गई। वहीं बुधवार की रात का न्यूनतम यू तापमान 8.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जबकि मंगलवार की रात का न्यूनतम यू तापमान 8 डिग्री सेल्सियस था। एक दिन में न्यूनतम यू तापमान में 0.4 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोत्तरी दर्ज हुई। दिन के तापमान में वृद्धि होने के बावजूद कड़ाके की ठंड से कंपकंपी छूटती रही। कोहरे के कारण दृश्यता कम होने से वाहन चलाने में जोखिम बना रहा। ठंड से राहत के लिए लोग जगह-जगह अलाव जलाकर तापते रहे। शाम होते ही रैन बसेरों में जगह नहींबची। सर्द भरी रात में भी रामबाग और बाई का बाग में सड़क के डिवाइडर पर बड़ी संख्या में लोग रात गुजारने को मजबूर रहे।

सशक्त भारत के निर्माण में राष्ट्रीय एकजुटता सबसे बड़ी शक्ति : प्रमोद तिवारी

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा है कि वैभवशाली एवं सशक्त भारत के निर्माण के लिए राष्ट्रीय एकजुटता हमारी सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होने कहा कि दुनिया के कुछ हिस्सों में जिस तरीके से युद्ध के नाम पर निदोर्षों के साथ हिंसा हो रही है यह फौरन रूकनी चाहिए। उन्होने कहा कि भारत का लोकतंत्र सभी नागरिकों को अवसर की समानता का अधिकार प्रदान किया करता है। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि इस समय मोदी सरकार संविधान के मूल ढ़ांचे के विपरीत लोगों के मताधिकार तक के संवैधानिक अधिकार के हनन पर अमादा है। गुरूवार को रामपुरखास के एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी लालगंज स्थित कैम्प कार्यालय में ब्लाक कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित कार्यकताओं से जुड़े संवाद कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होने कहा कि मौजूदा केन्द्र सरकार की नीतिगत खामियों के कारण इस समय राजकोषीय घाटा बढ़कर 9.76 लाख करोड़ तक पहुंचना चिन्ताजनक है। वहीं उन्होने ने कहा कि मोदी सरकार की चुप्पी के चलते पड़ोसी बांग्लादेश में लगातार हिन्दू, सिक्ख, बौद्ध अल्पसंख्यकों की हत्या हो रही है। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के साथ हिंसा को रोकने के लिए केन्द्र सरकार को कड़ा हस्तक्षेप करना चाहिए। कार्यकताओं से संवाद के तहत उन्होने रामपुरखास में विधायक आराधना मिश्रा मोना के द्वारा शुरू करायी गयी विकास परियोजनाओं को लेकर सजग भूमिका निभाये जाने को कहा। उन्होने कहा कि रामपुरखास में सुख व शान्ति के माहौल में सर्वश्रेष्ठ विकास की चमक नये साल में मजबूती से दिखेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष केडी मिश्र व संचालन मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने किया। चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी ने स्वागत तथा ब्लाक प्रमुख इं. अमित सिंह पंकज ने आभार प्रदर्शन किया। इस मौके पर सांगीपुर प्रमुख अशोक सिंह बबलू, आशीष उपाध्याय, डॉ0 अमिताभ शुक्ल, दृगपाल यादव, भुवनेश्वर शुक्ल, दारा सिंह, आशीष कौशल, शेरू खां, पन्नेलाल पाल, छोटेलाल सरोज, रवि सिंह, उदयशंकर दुबे, संतोष पाण्डेय, सिंटू मिश्र, राजू पाण्डेय, रामू मिश्र, हृदय नारायण मिश्र, धीरेन्द्र पाण्डेय, मुरलीधर तिवारी, फूलचंद्र पाण्डेय, पप्पू तिवारी, ददन सिंह, जय सिंह, दीपक मिश्र, राहुल तिवारी, शैलेन्द्र मिश्र, राहुल सिंह, दिनेश सिंह, रामलोचन त्रिपाठी, दयाराम वर्मा, राजू मिश्र, रोहित सिंह, आशुतोष मिश्र, त्रिभु तिवारी, धीरेन्द्रमणि शुक्ल आदि रहे।

बैद्यनाथ मन्दिर के स्थापना महोत्सव में हुआ सामूहिक सुन्दरकाण्ड

लालगंज। नगर पंचायत के शांतिपुरम में स्थित बाबा वैद्यनाथ धाम मंदिर का स्थापना उत्सव बुधवार की देर शाम हुआ। भक्तों के द्वारा सामूहिक सुंदरकांड एवं भंडारे का आयोजन किया गया। वही देर रात तक भगवान के भजन पर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध दिखे। आशीष निमोंही एवं उनकी टीम के द्वारा भजन की प्रस्तुतियां श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध करती दिखी। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष अनीता संतोष द्विवेदी, प्रमुख इं. अमित प्रताप सिंह पंकज, संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल तिवारी महेश, रूरल बार के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने मंदिर में मत्था टेका। कार्यक्रम का आयोजन सभासद संध्या शुक्ला द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक अभिषेक पांडेय ने किया। स्वागत सभासद प्रतिनिधि सोनू शुक्ला ने किया। आभार प्रदर्शन शिक्षक शिवम पांडेय व प्रभाकर ओझा ने किया। इस मौके पर अरुण शर्मा, प्रीत शुक्ला, लालजी गुप्ता, राजकुमार वर्मा, रघुवंश तिवारी, अनिल गुप्ता, आशीष गुप्ता, रज्जन मिश्रा, राकेश शुक्ला, मनोज कुमार श्रीवास्तव आदि रहे ।

अझारा क्रिकेट टूर्नामेण्ट के पहले मैच में शीतलमऊ टीम हुई विजयी

अखंड भारत संदेश

लालगंज। नगर पंचायत के अझारा वार्ड में गुरूवार को अझारा क्रिकेट टूनामेंट का शुभारंभ हुआ। चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी ने पहले मैच का समारोहपूर्वक उदघाटन किया। पहला मैच शीतलमऊ व खानापट्टी के बीच खेला गया। शीतलमऊ ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग करने का फैसला लिया। पहले बैटिंग करते हुए खानापट्टी ने दस ओवरों में उन्सठ रन पर सस वनज हो गई। शीतलमऊ की तरफ से अवनीश सिंह ने तीन ओवरों में बारह रन देकर चार विकेट झटके। वहीं बैटिंग करते हुए शीतलमऊ की टीम ने पांच ओवरों में ही तीन विकेट के नुकसान पर इक्सठ रन बनाकर मैच को सात विकेट से आसानी से जीत लिया। मैन ऑफ द मैच अवनीश सिंह रहे। लीग का दूसरा मैच डेंजर ग्यारह व डीएम ग्यारह के बीच खेला गया। पहले बैटिंग करते हुए डीएम ग्यारह ने निर्धारित दस ओवरों में तिरपन रन बनाए। डीएम ग्यारह की ओर से मनीष ने सर्वाधिक अठारह रन बनाए और डेंजर ग्यारह की ओर से बोलिंग करते हुए मनोज ने तीन विकेट लिए। चैवन रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी डेंजर ग्यारह की शुरूआत बेहद खराब रही ग्यारह रन पर चार विकेट गिर जाने के बाद दंगे ग्यारह ने नीरज के नाबाद छब्बीस और इमरान के नाबाद अठारह की बदौलत आठवें ओवर में छप्पन रन बनाकर छह विकेट से मैच जीत लिया। मैन ऑफ द मैच डेंजर ग्यारह के मनोज सरोज रहे। टूनार्मेंट के आयोजक धर्मपाल गौतम ने मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार प्रदान किया। संयोजक अजय मिश्र आशीष, अध्यक्ष श्रीश पाण्डेय, संरक्षक प्रभाकर मिश्रा, अभिषेक मिश्र, सभासद दारा सिंह, सभासद संजय सिंह, गिरिजाकांत द्विवेदी, सुब्रत तिवारी, राज सिंह, विक्रम सिंह, रोशन सिंह, दीपक पाण्डेय, नवीन सिंह, गणेश मिश्र, श्वेत मिश्र, शिव मिश्र, मनीष मिश्रा, अभिषेक मिश्र, राजू पाण्डेय बेलहा ,सतीश तिवारी आदि रहे।

सामाजिक समरसता से ही होगा हिंदुत्व मजबूत : ओम प्रकाश

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। भारत को भव्य बनाना है तो न हिन्दू पतितो भवेत के भाव के साथ हिंदू समाज के प्रत्येक बंधु बांधव को एक सूत्र में आबद्ध होना होगा। उक्त विचार सकल हिन्दू समाज समिति द्वारा जिले के गौरा खंड के नोडेरा मंडल में आयोजित विराट हिन्दू सम्मेलन को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक ओम प्रकाश ने व्यक्त किया। उन्होंने समाज परिवर्तन की दृष्टि से सम्पूर्ण समाज को सामाजिक समरसता, कुटुम्ब प्रबोधन,पर्यावरण संरक्षण,नागरिक कर्तव्य,स्वदेशी जीवन शैली एवं नागरिक कर्तव्य को अपने जीवन में उतारने का आग्रह किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद कथावाचिका नंदिनी ने कहा कि हमें हिंदू संस्कृति को जीवन में उतारने की आवश्यकता है ,तभी भारत सुरक्षित होगा। कार्यक्रम का शुभारम्भ भारत माता के चित्र पर पुष्पार्चन एवं दीप प्रवज्जलन करके अतिथियों द्वारा किया गया। अन्त में कार्यकम की अध्यक्षता कर रहे लोकतंत्र रक्षक सेनानी डॉक्टर प्रेमचन्द्र ने सबके प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हिन्दू सम्मेलन से समाज में जाग्रति आएगी और समाज एकजुट होगा। कार्यक्रम में भजन गायन,हनुमान चालीसा एवं सामूहिक भारत माता की आरती आकर्षण का केंद्र रहा। भारत माता की सामूहिक आरती के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

जनपद की 34 ग्राम पंचायतों में 02 जनवरी को लगेगी ग्राम चैपाल

प्रतापगढ़। जिला विकास अधिकारी के0एन0 पाण्डेय ने बताया है कि शासन के निदेर्शों के अनुपालन में जनपद में ग्राम स्तर पर जनसमस्याओं के त्वरित समाधान हेतु प्रत्येक शुक्रवार को ग्राम चैपाल का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में नववर्ष के प्रथम सप्ताह में दिनांक-02 जनवरी 2026 को जनपद के सभी 17 विकास खंडों की कुल 34 ग्राम पंचायतों में एक साथ ग्राम चैपाल का आयोजन किया जा रहा है।

उन्होने बताया है कि मुख्य विकास अधिकारी डॉ० दिव्या मिश्रा द्वारा आगामी तीन माह का विस्तृत रोस्टर जारी करते हुए समस्त खंड विकास अधिकारियों एवं जनपद स्तरीय अधिकारियों को स्पष्ट एवं सख्त निर्देश दिए गए हैं कि ग्राम चैपाल में ग्राम एवं विकास खंड स्तर के सभी संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें। ग्राम चैपाल में विशेष रूप से खंड शिक्षा अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी (पंचायत), सहायक विकास अधिकारी (ग्राम्य विकास), अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी (मनरेगा), ब्लॉक मिशन मैनेजर (एनआरएलएम), अवर अभियंता, सहायक अभियंता, पशु चिकित्सा अधिकारी, सीडीपीओ, कृषि, सिंचाई, विद्युत, पूर्ति निरीक्षक, जल निगम, समाज कल्याण, श्रम विभाग, राजस्व विभाग सहित समस्त लाइन विभागों के कर्मचारियों एवं अधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाएगी। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिए हैं कि ग्राम पंचायतों में संचालित समस्त निर्माण कार्यों की स्थलीय जांच अनिवार्य रूप से की जाए तथा ग्रामीणों की शिकायतों एवं समस्याओं को मौके पर ही सूचीबद्ध किया जाए। प्राप्त समस्याओं का निस्तारण एक सप्ताह के भीतर करते हुए उसका अभिलेखीय प्रमाण संबंधित ग्रामीणों को उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। ग्राम चैपाल की प्रभावी निगरानी एवं पर्यवेक्षण के लिए ग्राम चैपाल हेतु विकास खंड सदर में जिला विकास अधिकारी, विकास खंड सांडवा चंद्रिका में परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण तथा विकासखंड मांधाता में उपायुक्त श्रम रोजगार को नामित किया गया है।

ग्रापए के संस्थापक बालेश्वर लाल की मनाई गई जयंती

बेलखरनाथ धाम। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के संस्थापक स्वर्गीय बाबू बालेश्वर लाल की जयंती एवं विचार गोष्ठी का आयोजन पट्टी रानीगंज मार्ग पर स्थित कार्यालय पर हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत में संगठन के पदाधिकारियों और सदस्यों ने संस्थापक के चित्र पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित किया।

इस अवसर पर ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रंजन त्रिपाठी ने स्वर्गीय बाबू बालेश्वर लाल के जीवन और पत्रकारिता के क्षेत्र में उनके द्वारा किए गए संघर्ष और योगदान के साथ संगठन की स्थापना के बारे में विस्तार से चर्चा की।उन्होंने कहा कि बाबू बालेश्वर लाल ने इस संगठन का निर्माण ग्रामीण क्षेत्र के पत्रकारों की आवाज और उनकी पीड़ा को शासन प्रशासन तक पहुंचाने के लिए किया था। मुख्यधारा से जुड़े पत्रकार की सुनवाई किसी न किसी माध्यम से हो जाती है। लेकिन सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में काम करने वाले पत्रकार साथियों को प्रायः संघर्ष करना पड़ता है।कई बार वह विषम परिस्थितियों से भी घिर जाते हैं। ऐसे में संगठन हमेशा उनके लिए संघर्ष करने के साथ उनकी न्याय की लड़ाई में कंधे से कंधा मिला कर खड़ा रहता है।संगठन को मजबूती प्रदान करके हम हर मुश्किल को आसान कर सकते हैं।हम स्वर्गीय बाबू जी के बताये मार्ग पर चलकर इस संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का कार्य करें।यही उनके लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी।इस अवसर पर एसोसिएशन के जिला उपाध्यक्ष रवींद्र मिश्रा ने कहा कि पत्रकार के पास हमेशा समाज के लिए बेहतर करने का अवसर होता है ।वे विषम परिस्थितियों में भी समाज के सकारात्मक बदलाव और विकास में अपनी सराहनीय एवं महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करते हैं। दायित्व निर्वहन के दौरान पत्रकारों को विपरीत परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है ।ऐसे समय में ही संगठन का महत्व और बढ़ जात है। इस अवसर पर विनोद तिवारी , विजय पाठक,प्रवीण मिश्रा, ज्ञान सिंह, अजीत तिवारी, राकेश तिवारी, विशाल, आशीष तिवारी,पवन सिंह ,दिनेश,सहित तमाम सदस्य मौजूद रहे।

घर से दवा लेने के लिए निकले मां बेटा लापता, परिजनों ने दी थाने में तहरीर

बेलखरनाथ धाम। रानीगंज थाना क्षेत्र के अड़ार गांव निवासी शुभम सिंह ने रानीगंज थाने में दी गई तहरीर में बताया है कि उसके चाचा राजन सिंह पंजाब में पेंटिंग का काम कर परिवार का भरण पोषण करता है।राजन सिंह की पत्नी रंजना देवी 28 वर्ष व पुत्र शिवा सिंह 6 वर्ष 28 दिसंबर को 10 बजे दवा लेने के लिए घर से प्रतापगढ़ के लिए निकली थी उनके साथ बेटा शिवा भी था। लेकिन शाम तक घर वापस नहीं लौटी तो परिजन हैरान परेशान हो उठे। मोबाइल फोन पर फोन कर जानकारी चाहे तो मोबाइल स्विच ऑफ बताने लगा। परिजन काफी खोजबीन किये लेकिन दोनों का कहीं भी पता नहीं चल सका। हैरान परेशान परिजन काफी खोजबीन किए लेकिन कोई सुराग नहीं मिल सका।इस मामले में भतीजा शुभम सिंह ने रानीगंज थाने में तहरीर दी। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। कई दिन तक पता न चलने पर अब परिजनों को अनहोनी की आशंका सता रही है। और मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। मां और बेटे के अचानक लापता होने के मामले में रानीगंज पुलिस तहरीर के आधार पर खोजबीन कर रही है।

जिलाधिकारी ने जनपद न्यायाधीश से भेंट कर नववर्ष की शुभकामनाएँ दीं

प्रतापगढ़। नववर्ष के अवसर पर जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने जनपद न्यायाधीश राजीव कमल पाण्डेय से शिष्टाचार भेंट की और उन्हें नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि नया वर्ष जनपद के लिए सुख, समृद्धि और प्रगति लेकर आए, ऐसी उनकी कामना है। जनपद न्यायाधीश ने भी जिलाधिकारी को नववर्ष की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि न्यायिक एवं प्रशासनिक समन्वय से जनपद के विकास और कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किया जाएगा। भेंट के दौरान सौहार्दपूर्ण वातावरण रहा तथा दोनों अधिकारियों के बीच जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर संक्षिप्त चर्चा भी हुई।

दीवाल काटकर शराब के ठेके से लाखों की चोरी

पट्टी। कोतवाली पट्टी क्षेत्र के सदहा बाजार में स्थित देसी शराब के ठेके में बीती रात अज्ञात चोरों ने पीछे की दीवाल काटकर बड़ी चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोर दुकान के अंदर रखी शराब की पेटियां, नगदी तथा सीसीटीवी का डीवीआर उठा ले गए।प्राप्त जानकारी के अनुसार कोहराव गांव निवासी सुनील कुमार वर्मा, जो सदहा बाजार स्थित देसी शराब के ठेके पर सेल्समैन के रूप में कार्यरत हैं, रोज की तरह दुकान बंद कर घर चले गए थे। रात में अज्ञात चोरों ने दुकान के पीछे से दीवार काटकर अंदर प्रवेश किया और 20 पेटी देशी शराब, 17 पेटी बीयर, करीब 70 हजार रुपये नगद तथा कमरे में लगा सीसीटीवी डीवीआर चोरी कर ले गए।सुबह चोरी की जानकारी होने पर सेल्समैन मौके पर पहुंचा और मामले की सूचना कोतवाली पट्टी पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल में जुट गई है। पीड़ित द्वारा अज्ञात चोरों के खिलाफ प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की गई है।क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से व्यापारियों में दहशत का माहौल बना हुआ है।

ठंड में कंबल पाकर खिले चेहरे

कुंडा। विकासखंड बिहार की ग्राम पंचायत सरांय महासिंह में भीषण सर्दी से बचाव के लिए कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। ग्राम प्रधान सुशील सिंह ने अपने सहयोगी मोहन राज (निवासी तमिलनाडु) और परिवार के सदस्यों की उपस्थिति में ग्रामसभा में कंबल वितरित किया। इस दौरान प्रधान सुशील सिंह ने कार्यक्रम में पहुंची महिलाओं के पैर छूकर आशीर्वाद लिया। उन्होंने बताया कि कंबल वितरण का यह कार्यक्रम अयोध्या में मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम मंदिर के उद्घाटन के समय से ही गांव में चलाया जा रहा है।प्रधान सुशील सिंह ने जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और कुंडा विधायक कुंवर रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया की सेवा परमो धमर्रू की नीति को अपनी प्रेरणा का मुख्य स्त्रोत बताया। उन्होंने कहा कि राजा भैया प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से गरीब कल्याण के लिए विशेष मार्गदर्शन प्रदान करते हैं।तमिलनाडु से सरांय महासिंह पहुंचे मोहन राज ने खुद को राजा भैया का प्रशंसक बताया। कार्यक्रम के अंत में, ग्राम प्रधान सुशील सिंह ने यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः सूक्ति का प्रयोग करते हुए नारी शक्ति के महत्व पर जोर दिया। इस दौरान लगभग 150 महिलाओं व 200 के करीब पुरुषों ने कम्बल वितरण कार्यक्रम का लाभ लिया।

पूर्व प्रधानाचार्य का निधन, शिक्षा जगत में शोक

पट्टी। नगर स्थित रामराज इंटर कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य संगम लाल शुक्ला (73 वर्ष) का बुधवार की रात लखनऊ में इलाज के दौरान निधन हो गया। उनके निधन की खबर से नगर सहित शिक्षा जगत में शोक की लहर दौड़ गई।गुरुवार की सुबह उनका पार्थिव शरीर नगर के कोठियार गली स्थित आवास लाया गया। पार्थिव शरीर के अंतिम दर्शन के लिए बड़ी संख्या में शिक्षक, जनप्रतिनिधि, शुभचिंतक व नगरवासी उनके आवास पर पहुंचे।इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष अशोक कुमार जायसवाल, वर्तमान प्रधानाचार्य रमेश चंद्र मिश्र, पूर्व प्रधानाचार्य भगवान दास मिश्रा, राकेश मिश्रा, राजेश दुबे, हिंदी प्रवक्ता राजेश्वरी प्रसाद खरे, सतीश पांडेय सहित कई गणमान्य लोगों ने शोक संतप्त परिवार से मुलाकात कर अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की और उन्हें ढांढस बंधाया।स्व. संगम लाल शुक्ला को एक कुशल प्रशासक, अनुशासित शिक्षक एवं सरल व्यक्तित्व के रूप में जाना जाता था। उनके निधन को शिक्षा जगत के लिए अपूरणीय क्षति बताया जा रहा है।

गैंगेस्टर का आरोपी धराया, गया जेल

प्रतापगढ़। सांगीपुर पुलिस ने गुरूवार को गैगेंस्टर एक्ट में वांछित एक आरोपी को धर दबोचा। दरोगा आकाश शुक्ल फोर्स के साथ गुरूवार की सुबह गश्त पर निकले थे। इस बीच थाना क्षेत्र के पूरे नरायनदास मोड़ स्थित एक पोल्ट्री फार्म के पास गैंगेस्टर एक्ट का एक आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ गया। पुलिस ने पकडे गये आरोपी पूरे नरायनदास निवासी सत्यम सिंह पुत्र जमुना प्रसाद सिंह को दोपहर बाद जेल भेज दिया। पकड़े गये आरोपी के खिलाफ प्रतापगढ़ व सुल्तानपुर जिले के कई थानों में आधा दर्जन से अधिक गंभीर आपराधिक मुकदमें दर्ज हैं।

यूरिया किल्लत को लेकर शहीद स्मारक पर मुर्गा बन जताया आक्रोश

अखंड भारत संदेश

पट्टी। सहकारी समितियों पर लंबे समय से यूरिया की किल्लत बनी हुई है। समय पर खाद न मिलने से किसानों में भारी नाराजगी है। इसी नाराजगी के चलते बुधवार को एक किसान नेता ने पट्टी थाना क्षेत्र के रुर स्थित शहीद स्मारक पर पहुंचकर अनोखे तरीके से विरोध प्रदर्शन किया।किसान नेता ने शहीद स्मारक परिसर में प्रतीकात्मक रूप से मुर्गा बनकर सरकार और विभागीय व्यवस्था पर सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि रबी की फसल के समय यूरिया की सबसे अधिक आवश्यकता होती है, लेकिन सहकारी समितियों पर खाद उपलब्ध नहीं होने से किसानों को निजी दुकानों से महंगे दामों पर खाद खरीदने को मजबूर होना पड़ रहा है।किसान नेता ने आरोप लगाया कि कई बार शिकायत करने के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी इस गंभीर समस्या की ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। उन्होंने मांग किया कि विकासखंड की सभी सहकारी समितियों पर तत्काल पर्याप्त मात्रा में यूरिया उपलब्ध कराया जाए, ताकि किसानों को राहत मिल सके।उन्होंने चेतावनी दिया कि यदि शीघ्र ही यूरिया की आपूर्ति सुनिश्चित नहीं की गई तो किसान संगठन आंदोलन को और तेज करने के लिए मजबूर होंगे।

बाइक सवार साइकिल से टकराया, दो घायल

पट्टी। तेज रफ्तार बाइक सवार साइकिल सवार से टकरा गई। जिससे दोनों को चोटें आई। पट्टी-कोहड़ौर मार्ग पर करेला बाजार के समीप सोमवार की रात करीब 9 बजे तेज रफ्तार बाइक सवार की साइकिल से आमने-सामने टक्कर हो गई। दुर्घटना में बाइक सवार और साइकिल सवार दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।दुर्घटना की जानकारी मिलते ही कोतवाली पट्टी पुलिस की दो गाड़ियां तत्काल मौके पर पहुंचीं और घायलों को एंबुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पट्टी पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने दोनों का प्राथमिक उपचार किया। चिकित्सकों के अनुसार कस्बा पट्टी के तुर्कान मोहल्ला निवासी हसनैन की हालत नाजुक बनी हुई है, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद उच्च चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया गया। वहीं कंधई थाना क्षेत्र के अंतपुर निवासी गुरु प्रसाद तिवारी का इलाज सीएचसी पट्टी में जारी है और उनकी स्थिति सामान्य बताई जा रही है।

कुंडा ग्रामीण लीग टूर्नामेंट का हुआ उद्घाटन

शिवराज प्रताप सिंह बड़े राजा ने फीता काटकर किया टूर्नामेंट का उद्घाटन

अखंड भारत संदेश

कुंडा। बाबागंज विधानसभा क्षेत्र के रायआसकरनपुर आजादनगर में गुरुवार को कुंडा ग्रामीण लीग क्रिकेट टूनामेंट का उद्घाटन हुआ। जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंडा विधायक कुंवर रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भईया के बड़े सुपुत्र कुंवर शिवराज प्रताप सिंह बड़े राजा ने फीता काटकर मौजूद खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया।

कुंडा ग्रामीण लीग क्रिकेट टूनामेंट में क्षेत्र के बड़े खिलाड़ी भाग ले रहे। कुंडा ग्रामीण लीग टीम के मैच के प्रथम विजेता को 51 हजार की नगद धनराशि ,द्वितीय विजेता टीम को 31 हजार की नगद धनराशि व तीसरे स्थान पर रही टीम को 21 हजार की नगद धनराशि दी जाएगी।पहला मैच भदरी टीम कौड़ियाडीह से खेला गया। जिसमें टॉस भदरी की टीम जीत कर गेंदबाजी करने का फैसला किया। इस दौरान जिलापंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि कुलदीप पटेल, पूर्व ब्लॉक प्रमुख बाबागंज हितेश प्रताप सिंह पंकज सिंह, टूनामेंट संचालक आयुष सिंह, अंपायर रामायण, संदीप, धनंजय सिंह, मनोज सिंह कनावा, राकी सिंह कोटेदार बेंती, अंशुमान सिंह चैसा, सौरभ सिंह, युवराज सिंह, राज सिंह, अविनाश सिंह, सुमित तिवारी, शुभम सिंह, ऋषभ सिंह, हलचल सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

एसपी से लगाई सुरक्षा की गुहार

पट्टी। आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के पूरे धनी गांव में गोलीकांड से जुड़े मामले में घायल युवक की मां ने परिवार की सुरक्षा को लेकर पुलिस अधीक्षक समेत उच्च अधिकारियों से गुहार लगाई है।पूरे धनी गांव निवासी निर्मला उपाध्याय ने पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ को दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि बीते 11 दिसंबर को गांव के ही एक युवक व उसके पिता की साजिश पर किराए के शूटर ने उनके बेटे विजय उपाध्याय को घर से बाहर बुलाकर गोली मार दी थी। घटना में विजय गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसका इलाज प्रयागराज स्थित स्वरूप रानी अस्पताल में कराया गया। इलाज के बाद उसे घर लाया गया है।पीड़िता का आरोप है कि घटना के बाद से विपक्षी लगातार परिवार को धमकियां दे रहे हैं, जिससे पूरे परिवार की जान-माल को खतरा बना हुआ है। हालांकि पुलिस इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है, लेकिन पीड़ित पक्ष का कहना है कि घटना की साजिश रचने वाले मुख्य आरोपी अब तक पुलिस की पकड़ से बाहर हैं।

डम्फर ने स्कुटी सवार युवती को मारी जोरदार टक्कर, मौत

ओवरलोड बालू वाहनों से हो रही लगातार दुर्घटनाओं को रोकने के लिए थाना पुलिस नहीं कर रही कोशिश

पोस्ट ऑफिस की ड्यूटी के बाद वापस घर लौट रही थी स्कूटी सवार युवती

अखंड भारत संदेश

नेवादा कौशाम्बी। सराय अकिल थाना क्षेत्र के नेवादा रोड पर गुरुवार दोपहर बालू लदे ओवरलोड अनियंत्रित डम्फर ने स्कुटी सवार युवती को जोरदार टक्कर मार दिया जिससे स्कूटी सवार युवती स्कूटी समेत सड़क पर गिर पड़ी और युवती गम्भीर घायल हो गई है दुर्घटना देखकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे मामले की सूचना पुलिस और एंबुलेंस को दी गई है मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस के जरिए घायल युवती को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया है दुर्घटना की जानकारी मिलते ही उसके परिवार के लोग भी पहुंच गए हैं दुर्घटना के बाद डंपर छोड़कर चालक फरार हो गया है पुलिस ने डंपर को कब्जे में ले लिया है लेकिन ओवरलोड बालू वाहनों के संचालन के बाद एक बार फिर व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं बताया जाता है कि इलाज के दौरान युवती की मौत हो गई है मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया है। जानकारी के मुताबिक दीपिका सिंह उम्र लगभग 22 वर्ष पुत्री पारसनाथ सिंह निवासी लालबिहारा बम्हरौली प्रयागराज गुरुवार को सराय अकिल थाना क्षेत्र के तिल्हापुर गांव मे पोस्ट आफिस मे अपने निवास स्थल से रोज की भांति तिल्हापुर पोस्ट आफिस ड्यूटी पर आई थी ड्यूटी के बाद युवती तिल्हापुर से अपने घर के लिए गुरुवार की दोपहर लगभग 2:00 बजे स्कूटी से जा रही थी जैसे ही स्कूटी सवार युवती नेवादा के सोनी ईंट भट्ठा और लक्ष्मी गेस्ट हाउस के मध्य पहुंची पीछे से आ रहे बालू लदे तेज रफ्तार अनियंत्रित डम्फर नंबर यू पी 70 जी टी 6221 ने स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दिया डंपर की टक्कर लगते ही स्कूटी समेत युवती सड़क पर गिर पड़ी और गंभीर घायल हो गई है टक्कर इतनी तेज थी कि स्कुटी क्षतिग्रस्त हो गई है दुर्घटना देखकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे भीड़ बढ़ती देखकर ड्राईवर डम्फर छोंड़कर फरार हो गया मौके पर थाना सराय अकिल पुलिस ने पहुंच कर एम्बुलेंस के जरिए घायल युवती को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है और डम्फर को अपने कब्जे मे लेकर जांच मे जुटी हुई है इलाज के दौरान जिला अस्पताल में युवती की दर्दनाक मौत हो गई है मौत की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया है सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंच गई है और युवती के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

विवाद और मारपीट करने वाले दोनों पक्षों के विरुद्ध गस्त पर रही पुलिस ने दर्ज कराया मुकदमा

कौशांबी। कोखराज थाना परिसर में तैनात जयप्रकाश व संदीप पटेल बुधवार के दिन क्षेत्र में भ्रमणशील थे। तभी सूचना मिली कि कोखराज उपरहार गांव में दो पक्षो में मारपीट हुयी है। सूचना पर सिपाही जयप्रकाश व संदीप पटेल मौके पर पहुंचे जहां पर अजय पाण्डे मौके पर मौजूद मिले। मौजूद लोगो से पुछताछ करने पर जानकारी हुयी कि प्रथम पक्ष के मुकेश पुत्र इन्द्राज, अंजली पुत्री रामबहोरे, बेला देवी पत्नी इन्द्राज, शोभा पुत्री इन्द्राज तथा द्वितीय पक्ष के अजय पुत्र चन्दन, उमेश पुत्र सुकुरुलाल, सुखरानी पत्नी सुकरुलाल समस्त निवासी कोखराज उपरहार थाना कोखराज के बीच गांवदारी की रंजिश में आकस्मिक विवाद करते हुए मारपीट कर लिये जिससे दोनों पक्षो को चोटे आयी है। जानकारी हुई कि दोनो पक्ष एक दूसरे को जान से मारने की धमकी देते हुये एक दूसरे को देख लेने की बात कह रहे थे। मौके पर एम्बुलेन्स आयी जिससे दोनो पक्षो के चोटहिल व्यक्तियो को इलाज हेतु अस्पताल भेजा गया। और विधिक कारर्वाई की गई है।

न्यूज झरोखा

शटर काटकर जन सेवा केंद्र से सामान उठा ले गए चोर

करारी कौशांबी। करारी थाना क्षेत्र के पवारा गांव निवासी राजू पाल पुत्र सूरज पाल ने इसी थाना क्षेत्र के शुक्ला का पूरा चौराहे पर जन सेवा केंद्र की दुकान खोल रखी है नए साल के जश्न में चोरों ने भी जश्न मनाया है और जन सेवा केंद्र के दुकान का शटर काटकर अंदर घुस गए दुकान के अंदर से इनवर्टर बैटरी कम्प्यूटर उपकरण वा 1000 रुपए नगद दुकान से चोर उठा ले गए हैं मामले की जानकारी सुबह पीड़ित को हुई है तो उसने स्थानीय पुलिस चौकी अर्का महावीर पुर में घटना की सूचना दी है।

08 जुआरियों को कोखराज थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर 30 हजार रुपए किया बरामद

कोखराज कौशांबी। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 01.01.2026 को थाना कोकराज पुलिस टीम द्वारा मुखबिर से प्राप्त सटीक सूचना के आधार पर ग्राम बसावनपुर मे जुनियर हाईस्कूल के पास बाग में हार जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे अभियुक्तगण 1. राजेश पुत्र रामचन्द्र 2. अमरजीत पुत्र गयाप्रसाद 3. लवकुश पुत्र शिव सूरत 4. बबलू पुत्र राजेन्द्र प्रसाद 5. राजकुमार पुत्र रामदीन 6. राम गोपाल पुत्र दौलतराम 7. राजू पुत्र लालता प्रसाद 8. सुरजीत पुत्र राजलला समस्त निवासीगण ग्राम भदवां थाना कोखराज को गिरफ्तार किया गया कब्जे से माल फड़ 26,620 रुपये जामा तलाशी से 3810 रुपये व 52 अदद ताश के पत्ते बरामद किया गया बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 01/2026 धारा 13 जुआ अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी जुआ के फड़ पर पुलिस का छापा पड़ने के बाद क्षेत्र में हड़कंप मचा रहा और जुआरियों को छुड़वाने के लिए पुलिस के पास लोगों का लगातार दबाव बन रहा था।

नए वर्ष में पुलिस ने बरामद की 64 लीटर शराब

कौशांबी। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में अवैध शराब के निर्माण एवं तस्करी के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान में थाना कौशाम्बी, करारी, सराय अकिल व कड़ाधाम पुलिस द्वारा कुल 03 नफर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर कब्जे से कुल 64 ली0 अवैध शराब बरामद की गयी तथा 1.5 कुंतल लहन नष्ट कराया गया गिरफ्तार सभी अभियुक्तों के विरूद्ध सम्बन्धित थानो पर अभियोग पंजीकृत कर पुलिस ने आरोपियों का चालान न्यायालय किया है एक साथ कई थाना क्षेत्र में शराब के धंधे में लगे लोगों पर पुलिस की कार्रवाई से समूचे क्षेत्र में हड़कंप की स्थिति बनी हुई है।

सीओ सिराथू ने सुनी जनशिकायतें

कड़ा कौशांबी। क्षेत्राधिकारी सिराथू द्वारा सर्किल कार्यालय सिराथू में आम जनमानस की समस्याओं के निस्तारण हेतु जनसुनवाई की गई। इस दौरान उपस्थित फरियादियों द्वारा प्रस्तुत शिकायती प्राथर्ना पत्रों को सीओ ने ध्यानपूर्वक सुना तथा संबंधित प्रभारियों को त्वरित एवं निष्पक्ष कार्यवाही हेतु सीओ ने निर्देशित किया उन्होंने कहा कि फरियादियों को आसानी से न्याय मिले और न्याय पाने के लिए फरियादियों को पुलिस के थानों में दौड़ना ना पड़े।

आधी रात को महिला के घर में लगाई आग

कड़ा कौशांबी। सैनी कोतवाली क्षेत्र के गोविन्द पुर गोरियो गांव में अराजक तत्वों ने देवकी पत्नी दुखी लाल के घर में रात में आग लगा दिया जिससे महिला के घर पर रखा लाखों का सामान जलकर खाक हो गया आग इतनी भयावह थी कि कुछ ही देर में घर का पूरा सामान धू-धू कर जल गया।आग लगते ही गांव में अफरा तफरी मच गई ग्रामीणों ने आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन तब तक अनाज कपड़े बर्तन नगदी और जरूरी घरेलू सामान जलकर राख हो गए गनीमत रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई अराजक तत्वों के खिलाफ संबंधित अधिकारियों को तहरीर दी है।

करोड़ों का बजट होने के बाद मेडिकल कॉलेज में चारों ओर गंदगी का साम्राज्य

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। स्वच्छ भारत अभियान के तहत साफ सफाई का निर्देश दिए जाने के बाद मेडिकल कॉलेज जिला अस्पताल मंझनपुर परिसर गंदगी से जूझ रहा है साफ सफाई और विभिन्न व्यवस्था के लिए करोड़ों रुपए का बजट मेडिकल कॉलेज को मिल रहा है लेकिन मेडिकल कॉलेज में चारों ओर गंदगी लगी है सरकार से मिलने वाले बजट कहां खर्च हो रहे हैं यह बड़ी जांच का विषय है मेडिकल कॉलेज के जिला अस्पताल में महिला,पुरुष और विकलांग वार्ड के सार्वजनिक शौचालय में गंदगी का अंबार दिखाई पड़ता है लेकिन उसके बाद भी जिम्मेदार अंजान बने हुए हैं आखिर मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य और मुख्य चिकित्सा अधीक्षक क्या मॉनिटरिंग करते हैं यह सवाल खड़ा हो रहा है मुख्यालय में जिले के सभी अधिकारियों के आवास और कार्यालय है वहीं अफसरों के दप्तर होने के बावजूद सरकार की महत्वकांक्षी योजना चौपट नजर आ रही है महिला,पुरुष और विकलांग वार्ड के सार्वजनिक शौचालयों में गंदगी का अंबार लगा हुआ है।बदबू के कारण मरीजों को इस्तेमाल करना मुश्किल है सफाई न होने से संक्रमण फैलने का सबसे बड़ा भय बन चुका है मरीज को दी जाने वाली सुविधाओं के नाम पर भी करोड़ों का बजट मेडिकल कॉलेज को सरकार से मिल रहा है अब सवाल उठता है कि मरीजों को दी जाने वाली सुविधाओं का बजट मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य और मुख्य चिकित्सा अधीक्षक कहां खर्च कर रहे हैं कि मरीजों को दी जाने वाली सुविधाएं नहीं मिल रही है व्यवस्थाएं चौपट हैं मरीज परेशान है और जिम्मेदार मौज कर रहे हैं।

अधूरे आवासों को शीघ्र पूर्ण करवाने के खण्ड विकास अधिकारियों को सीडीओ ने दिए निर्देश

अखंड भारत संदेश

कौशांबी। मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थिति सरस हाल में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के अन्तर्गत जनपद स्तरीय निगरानी समिति की बैठक सम्पन्न हुई।मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि आवास प्लस सर्वे-2024 का कार्य पूर्ण हो चुका है। वतर्मान में चेकर एवं वेरीफायर के माध्यम से पात्रता का सत्यापन चल रहा है। स्थायी पात्रता सूची तैयार होने के पश्चात भविष्य में भारत सरकार द्वारा लक्ष्य का आवंटन किया जाएगा। उन्होंने समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि चेकर एवं वेरीफायर का कार्य शीघ्र पूर्ण कराते हुए जिन लाभार्थियों का जॉबकार्ड आवास साफ्ट पर फीड नहीं है, उनका जॉबकार्ड तत्काल फीड कराएं, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाय। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2016-17 से वर्ष 2024-25 तक, जो अधूरे आवास हैं, उन आवास के लाभार्थियों को प्रेरित कर आवासों का निर्माण शत-प्रतिशत पूर्ण कराएं। शासकीय धनराशि प्राप्त होने के बाद भी जिन लाभार्थियों द्वारा आवास का निर्माण नहीं कराया जा रहा है या वह अपात्र हैं, तो उन्हें आर.सी. जारी कराकर धनराशि वसूली की कार्यवाही तत्काल कराई जाय।मुख्य विकास अधिकारी ने स्पष्ट किया कि योजना में पारदर्शिता एवं गुणवत्ता सर्वापरि है। किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनियमितता पाये जाने पर सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी बैठक में ब्लाक प्रमुख सरला राय, जिला विकास अधिकारी शैलेन व्यास, वरिष्ठ कोषाधिकारी रवीन्द्र प्रताप सिंह, परियोजना निदेशक मनोज कुमार वर्मा, जिला पूर्ति अधिकारी मंगेश मौर्या, अधिशाषी अभियंता विद्युत रामकुमार कुशवाहा, जिला पंचायत राज अधिकारी अनिल कुमार सिंह एवं समस्त खण्ड विकास अधिकारी उपस्थित रहे।

भीषण ठंड में हजारों ग्रामीणों को कम्बल रजाई देकर मसीहा बने जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष व सदस्य

अखंड भारत संदेश

हर्रायपुर कौशाम्बी। दिनों दिन कड़ाके की ठंड बढ़ रही है कमजोर मजलूम गरीब कड़ाके की ठंड से कांप रहे हैं सरकारी व्यवस्थाएं कमजोर दिखाई पड़ रही हैं और महंगाई के दौर में गरीबों के पास गर्म कपड़े पर्याप्त मौजूद नहीं है जिस पर जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष ने गरीबों की मदद करने का जिम्मा उठाया है मूरतगंज ब्लॉक क्षेत्र के अंतर्गत पट्टी परवेजा बड़े गांव में इस भीषण ठंड में जिला कोऑपरेटिव बैंक अध्यक्ष शिवमोहन मौर्य व जिला पंचायत सदस्य रामनरेश पासी ने एक हजार ग्रामीणों को कम्बल रजाई वितरण किया कंबल रजाई वितरण किए जाने की जानकारी मिलते ही मौके पर आसपास के गांव के गरीब कमजोर लोगों की भीड़ बढ़ने लगी लेकिन जिला पंचायत अध्यक्ष और सदस्य ने किसी को निराश नहीं किया सभी को रजाई कम्बल दिया है कंबल व रजाई मिलने के बाद गरीब कमजोर मजलूम लोगों ने जिला पंचायत अध्यक्ष व जिला पंचायत सदस्य को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है इस मौके पर ग्राम प्रधान उमिर्ला पासी मंडल अध्यक्ष राजन सरोज व पूर्व मंडल अध्यक्ष राम मिलन चौधरी महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष सोमवती पुष्कर रामजीत सरोज हरि कृष्णा साहू, बुद्ध प्रकाश मौर्य,शब्बीर अहमद ,साजिद अशफ़ाक उल्ला आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

कड़ाके की ठंड में संदीपन घाट थाना प्रभारी ने पुलिस बल के साथ किया पैदल गस्त

अखंड भारत संदेश

हररायपुर कौशांबी। आसमान से बर्फ बरस रही है पूरे तरफ कड़ाके की ठंड है लोग घरों से निकलना नहीं चाहते हैं लेकिन उसके बाद भी पुलिस की पैदल गस्त लगातार चालू है सुरक्षा व्यवस्था को लेकर थाना पुलिस लगातार दिन से रात तक कड़ाके की ठंड में दौड़ भाग करती देखी जा रही है गुरुवार को संदीपन घाट थाना क्षेत्र के मूरतगंज चौराहे पर सांदीपन घाट थाना प्रभारी शशिकांत मिश्रा ने भारी पुलिस बल के साथ पैदल गस्त कर कानून व्यवस्था की जानकारी ली भ्रमण के दौरान उन्होंने नगर के व्यापारियों से वार्ता कर कानून व्यवस्था की जानकारी ली इसके साथ थाना अध्यक्ष ने संधिग्ध वाहनों की चेकिंग किया पैदल भ्रमण के दौरान थाना अध्यक्ष ने लोगों से कहा कि वह निभीक होकर व्यापार करें किसी प्रकार की समस्या होने पर पुलिस के फोन नंबर पर सूचित करें उन्होंने अराजक तत्वों को स्पष्ट संदेश दिया है कि वह अपराध छोड़ दें वरना उन पर कठोर कार्रवाई होगी इस मौके पर मूरतगंज चौकी प्रभारी अजीत कुमार सिंह भंटूराम बर्मा ,श्रीप्रकाश यादव सहित भारी पुलिस बल मौजूद रहे।

कड़ाके की ठंड और घने कोहरे में कानून-व्यवस्था सुदृढ़ीकरण के लिए एएसपी ने पुलिस बल के साथ किया पैदल गश्त

कौशांबी। जनपद में कानून-व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाए रखने आमजन में सुरक्षा की भावना विकसित करने के लिए अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह ने पुलिस बल के साथ कड़ाके की ठंड में शांति एवं सौहार्द बनाए रखने के उद्देश्य से मंझनपुर बाजार क्षेत्र में पैदल गश्त किया।इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी मंझनपुर शिवांक सिंह कोतवाल वा पुलिस जवान मौजूद रहे। पैदल गश्त के दौरान बाजार क्षेत्र प्रमुख चौराहों, भीड़-भाड़ वाले स्थानों एवं संवेदनशील बिंदुओं का गहन निरीक्षण किया अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा दुकानदारों व्यापारियों एवं आम नागरिकों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याएं सुनी गईं तथा सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक आश्वासन दिया गया साथ ही संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों पर सतर्क दृष्टि रखने अराजक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखने एवं किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि की सूचना मिलने पर त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।पैदल गश्त के दौरान यातायात व्यवस्था, अतिक्रमण की स्थिति सीसीटीवी कैमरों की उपलब्धता तथा प्रभावी पुलिस पेट्रोलिंग की भी समीक्षा की गई। अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिसकर्मियों को आमजन के साथ शालीन व्यवहार बनाए रखने नियमित गश्त करने तथा कानून-व्यवस्था से संबंधित किसी भी सूचना पर तत्काल कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया।

आंगनबाड़ी की योजनाओं पर बाबू का डाका

डीपीओ की तैनाती न होने से सीडीपीओ की मनमानी 25 हजार रूपए महीने सुपरवाइजर से होती वसूली

अखंड भारत संदेश

कौशांबी। जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय में डीपीओ की तैनाती न होने से विभाग के एक मठाधीश लिपिक की मनमानी कायम है ब्लॉक स्तर का सीडीपीओ कार्यालय हमेशा बंद रहता है यहां केवल कमर्चारी मौजूद रहते हैं सीडीपीओ गायब रहती है और सीडीपीओ इस लिपिक के कमरे में पूरे दिन दिखाई पड़ती है अब सवाल उठता है कि ब्लॉक स्तर के अधिकारी इस लिपिक के कमरे में पूरे दिन क्या करती हैं यह जांच का विषय है इतना ही नहीं सुपरवाइजर भी इस लिपिक के कमरे में मौजूद दिखाई पड़ती हैं इस लिपिक का जलवा इतना ज्यादा है कि अफसर भी इस बाबू के सामने बौने साबित होते हैं जिला कार्यक्रम कार्यालय का चार्ज एक सीडीपीओ को दिया गया है और यह सीडीपीओ भी इस बाबू के दिशा निर्देश में चल रहे हैं बताया जाता है कि यह बाबू योजनाओं में हेरा फेरी करने में माहिर है विभाग में अफसर की मौजूदगी ना होने से खंड विकास कार्यालय स्तर पर मौजूद बाल विकास परियोजना अधिकारियों की मनमानी चरम पर है पूरे जिले में आंगनबाड़ी की योजनाएं चौपट हो गई है और सुपरवाइजर से लेकर सीडीपीओ तक पूरे दिन जिला कार्यालय में देखी जाती हैं तमाम आंगनवाड़ी केदो में मानक के अनुसार बच्चों की उपस्थित नहीं है आंगनवाड़ी केंद्र में बच्चों को योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है तमाम आंगनबाड़ी केंद्र नहीं खुल रहे हैं महिलाओं से लेकर बच्चों तक को विभागीय योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है आंगनबाड़ी योजना में पुष्टाहार व अन्य योजनाओं में भ्रष्टाचार चरम पर व्याप्त है ' आंगनबाड़ी केंद्र में व्याप्त भ्रष्टाचार का लाभ सुपरवाइजर उठा रही है और आंगनबाड़ी केदो से हजारों रुपए की महीने वसूली लेकर लाखों रुपए सुपरवाइजर एकत्रित कर रही है सरकार से आवासीय भत्ता लेने के बाद जिले में किसी भी सुपरवाइजर और सीडीपीओ का निवास नहीं बना हुआ है सुपरवाइजर की वसूली की रकम से अफसर के नाम पर 25000 महीने की वसूली एक लिपिक कर रहा है वसूली का जिम्मा विभाग के एक पुराने लिपिक को दिया गया है जो अफसर के नाम पर पूरे जिले की सुपरवाइजर से लाखों रूपए वसूल कर रहा है सवाल उठता है कि सुपरवाइजर से वसूली गई रकम में प्रभारी डीपीओ को कितना हिस्सा पहुंच रहा है यह जांच का विषय है बताया जाता है कि विभाग में पदोन्नति होने के बाद भी यह लिपिक बीते 15 वर्षों से विभाग की कुसी पर चुंबक लगाकर चिपका हुआ है जबकि इस कमर्चारी का पूर्व में प्रमोशन भी हो चुका है और प्रमोशन होने के बाद जिले में तैनाती पर सवाल खड़े हैं इस लिपिक के मामले में सरकार की स्थानांतरण नीति भी फेल हो चुकी है बड़े जुगाड के चलते प्रमोशन के बाद इस लिपिक का जिले से स्थानांतरण नहीं हुआ है लंबे समय से तैनात रहने के चलते यह लिपिक मनमानी पर उतारू है और पूरी योजनाओं में हेरा फेरी में माहिर यह लिपिक जिला कार्यक्रम कार्यालय को बर्बाद करने पर उतारू है योगी सरकार की भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था के बाद भी आंगनबाड़ी योजनाएं जमीनी हकीकत पर नहीं उतर सकी हैं करोड़ों रुपए की योजना भ्रष्टाचार की भेट चढ़ चुकी है लेकिन उसके बाद इस चर्चित लिपिक के कारनामे को अफसर ने संज्ञान नहीं लिया प्रमोशन करने के बाद इस लिपिक को दूसरे जिले में तैनाती नहीं दी है सवाल उठता है कि 25000 महीने सुपरवाइजर से किस बात की वसूली साहब के नाम पर की जा रही है यह बड़ी जांच का विषय हैं और मामले में यदि जांच कराई गई तो डीपीओ विहीन कार्यालय में वसूली के इस मामले में बड़े भ्रष्टाचार का खुलासा होगा।

कृषकों को जैविक खादों के उपयोग के लिए किया जाए जागरूक : सीडीओ

अखंड भारत संदेश

कौशांबी। मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी की अध्यक्षता में कार्यालय कक्ष में धरती माता बचाओ अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय निगरानी समिति की बैठक सम्पन्न हुई बैठक में कृषकों द्वारा रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक एवं असंतुलित प्रयोग से मिट्टी की भौतिक एवं रासायनिक गुणवत्ता को हो रहे नुकसान तथा समूह की महिलाओं द्वारा वमी कंपोस्ट निर्माण एवं इसके प्रचार-प्रसार के माध्यम से उन्हें आत्मनिर्भर बनाए जाने पर विचार-विमर्श किया गया।अभियान के अंतर्गत कृषकों को संतुलित उर्वरक प्रयोग के साथ-साथ जैविक खादों जैसे गोबर की खाद, वमी कंपोस्ट, हरी खाद एवं जैव उर्वरकों के उपयोग के लिए जागरूक किए जाने पर बल दिया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने जनपद की समस्त गौशालाओं में वमी कंपोस्ट का उत्पादन कर कृषकों को उचित मूल्य पर उपलब्ध कराने के लिए समिति के सदस्यों एवं सभी खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए। इसके साथ ही उप कृषि निदेशक, जिला कृषि अधिकारी एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अजय कुमार सिंह को कृषकों को पशुओं से प्राप्त गोबर-गोमूत्र, फसल अवशेष एवं पेड़-पौधों की पत्तियों से कम्पोस्ट खाद तैयार कर अपने खेतों में प्रयोग करने के लिए प्रेरित एवं तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान करने के निर्देश दिए जनपद की मिट्टी में जीवांश कार्बन की निरंतर कमी से मिट्टी का स्वास्थ्य प्रभावित हो रहा है, जिससे उर्वरकों का अपेक्षित लाभ फसलों को नहीं मिल पाता। जैविक खादों के प्रयोग से सूक्ष्म पोषक तत्वों की उपलब्धता बढ़ती है, जिससे फसल उत्पादन एवं गुणवत्ता में वृद्धि होती है।

सम्पादकीय

उन्नाव पीड़िता को थोड़ी राहत

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को उन्नाव बलात्कार मामले में दोषी पूर्व भाजपा विधायक कुलदीप सिंह सेंगर को दिल्ली हाईकोर्ट द्वारा दी गई जमानत पर रोक लगा दी है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अगुवाई वाली बेंच ने दिल्ली हाईकोर्ट के 23 दिसंबर के उस आदेश के लागू होने पर स्टे ऑर्डर जारी किया, जिसमें सेंगर की आजीवन कारावास की सजा निलंबित कर उन्हें अपील लंबित रहने तक जमानत दी गई थी। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा, 'विशेष तथ्यों को देखते हुए, जहां दोषी एक अलग अपराध में भी सजा काट रहा है, हम दिल्ली हाईकोर्ट के 23 दिसंबर 2025 के आदेश को लागू करने पर रोक लगाते हैं। इस प्रकार, आरोपी को उक्त आदेश के तहत रिहा नहीं किया जाएगा।'

इस फैसले से एक बड़ी राहत पीड़िता को मिली है, क्योंकि अब यह तो तय हो गया है कि बलात्कार के दोष में कुलदीप सिंह सेंगर जेल में ही रहेगा, अब भी पीड़िता के पिता की हिरासत में मौत के एक अलग मामले में वह 10 वर्ष की सजा काट ही रहा है। इसमें उसे जमानत नहीं मिली है और अगली सुनवाई 4 हफ्ते बाद है। लेकिन अगर इस मामले में भी जमानत मिल जाती तब तो पीड़िता के लिए खतरा और ज्यादा बढ़ जाता। सेंगर ने केवल एक नाबालिग मासूम का बलात्कार ही नहीं किया, बल्कि अपने राजनैतिक दबदबे का इस्तेमाल उसकी इंसाफ की लड़ाई को रोकने में भी किया। इसलिए जब हाईकोर्ट ने सेंगर को जमानत दी थी, तो उसने इस नाइंसाफी के खिलाफ आवाज उठाई थी। उसका साथ देने के लिए सामाजिक कार्यकर्ता योगिता भयाना सामने आईं। हालांकि यह देखकर बेहद अफसोस हुआ कि इंसाफ के लिए लड़ रहे इन लोगों को पुलिस प्रशासन ने कुचलने की तमाम कोशिशें कीं। इंडिया गेट से लेकर संसद और हाईकोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट के सामने तक जहां भी कुलदीप सेंगर को जमानत मिलने का विरोध करने के लिए पीड़िता के साथ लोग इक्के हुए उन्हें वहां से बलपूर्वक भगाने की कोशिशें हुईं। समझ नहीं आता कि आखिर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे लोगों से किस बात का खतरा सरकार को दिखाई देता है। देश में कितने ही मामले ऐसे सामने आते हैं जहां गुंडे कभी रेस्तरां, कभी पार्क में बैठे लोगों को परेशान करने, प्रताड़ित करने पहुंच जाते हैं। तब पुलिस पता नहीं कहां गायब हो जाती है। अभी देहरादून में अंजेल चकमा नाम के युवा को नस्लभेदी नफरत के कारण मार दिया गया। उसे चायनीज और मोमो जैसे शब्द बोलकर अपमानित किया गया। वह कहता रहा कि वह भारतीय है, फिर भी उसकी जान ले ली गई। हालांकि वह भारतीय न भी होता, सच में चीन या किसी और देश का नागरिक होता, तब भी नस्लीय नफरत और हिंसा के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए। लेकिन ऐसे उत्पीड़न जब हो रहे होते हैं, तब पुलिस वहां नहीं पहुंचती। भाजपा के शासन में पुलिस का भी राजनीतिकरण करने के जो आरोप लगते हैं, वो ऐसी घटनाओं के बाद सही लगते हैं।

बढ़ते कामकाजी जीवन के दबाव में बिखरते परिवार

-ललित गर्ग-

भाग-दौड़, प्रतिस्पर्धा और आकांक्षाओं से भरे आधुनिक जीवन में परिवार के लिए समय निकालना आज केवल एक भावनात्मक आवश्यकता नहीं, बल्कि सामाजिक अस्तित्व का प्रश्न बनता जा रहा है। वर्ष 2025 की विदाई और 2026 की अगवानी की इस संधि बेला में खड़े होकर जब हम पीछे मुड़कर देखते हैं तो साफ दिखाई देता है कि विकास, तकनीक और कैरियर की दौड़ ने हमें सुविधा तो दी, लेकिन संबंधों की ऊष्मा धीरे-धीरे छीन ली। परिवार, जो सदियों से मनुष्य का सबसे सुरक्षित आश्रय रहा है, आज स्वयं असुरक्षा के दौर से गुजर रहा है। प्रश्न यह नहीं है कि आधुनिकता गलत है, प्रश्न यह है कि क्या आधुनिक जीवन शैली में परिवार व्यवस्था को बचाने की हमारी इच्छाशक्ति और समझ उतनी ही मजबूत है या नहीं?

व्यस्ततम, घटनाबहुल एवं कामकाजी जिंदगी जीने के साथ परिवार के लिए वक्त निकालना आज के इंसान के लिए ज्यादा जरूरी हो गया है। परिवार से यह जुड़ाव व्यक्ति को न केवल भावनात्मक रूप से, बल्कि शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के लिहाज से भी खुशनुमा रहने की ताकत देता है। इस सोच के बीच ताजा अध्ययन में आया यह तथ्य सचमुच चौंकाने वाला और चिंताजनक है कि काम के बोझ व परिवार को समय नहीं दे पाने से उपजी परिस्थितियों से निजात पाने के लिए साठ फीसदी से ज्यादा लोग अपनी मौजूदा नौकरी को बदलना चाहते हैं। ग्रेट प्लेस टू वर्क का यह अध्ययन भारत के कामकाजी लोगों के लिए और भी गंभीर है क्योंकि वर्क-लाइफ बैलेंस की ग्लोबल रैंकिंग में हम 42 वें स्थान पर हैं।

आज कामकाजी जीवन का दबाव इतना बढ़ चुका है कि व्यक्ति शारीरिक रूप से घर में मौजूद होते हुए भी मानसिक रूप से दफ्तर में ही रहता है। डिजिटल कनेक्टिविटी ने समय और स्थान की सीमाएं मिटा दी हैं, लेकिन इसी के साथ उसने घर और कार्यस्थल के बीच की स्वाभाविक दीवार भी तोड़ दी है। मोबाइल फोन, लैपटॉप और ऑनलाइन मीटिंग्स ने परिवार के साथ बैठकर बातचीत करने, एक-दूसरे की बात सुनने और महसूस करने के अवसरों को सीमित कर दिया है। विडंबना यह है कि हम परिवार के लिए मेहनत कर रहे हैं, लेकिन उसी मेहनत की कीमत परिवार से दूरी बनाकर चुका रहे हैं।

वर्क फ्रॉम होम की संस्कृति को शुरू में वरदान माना गया था, लेकिन धीरे-धीरे यह भी पारिवारिक जीवन के लिए एक नई चुनौती बन गई। घर अब विश्राम और संवाद का स्थान न रहकर कार्यालय का विस्तार बन गया है। बच्चों के सामने माता-पिता लगातार स्क्रीन में उलझे रहते हैं, पति-पत्नी के बीच संवाद की जगह नोटिफिकेशन ले लेते हैं और बुजुर्गों की बातें अक्सर ह्यबाद मेंह्व की श्रेणी में डाल दी जाती हैं। ऐसे में परिवार एक साथ रहते हुए भी भीतर से बिखरता चला जाता है। यह बिखराव केवल भावनात्मक नहीं, बल्कि संस्कारों, परंपराओं और आपसी जिम्मेदारियों का भी है।

कॉर्पोरेट कार्यशैली में बढ़ते लक्ष्य, बढ़ता प्रतिस्पर्धात्मक दबाव और बॉस संस्कृति ने व्यक्ति को लगातार यह एहसास कराया है कि यदि वह रुका तो पीछे रह जाएगा। इस डर ने जीवन की गति को इतना तेज कर दिया है कि ठहराव, आत्मचिंतन और संबंधों के लिए समय निकालना कमजोरी समझा जाने लगा है। जबकि सच यह है कि मजबूत परिवार ही व्यक्ति को मानसिक स्थिरता, आत्मविश्वास और जीवन की कठिनाइयों से जूझने की ताकत देता है। जब यह आधार कमजोर होता है, तो व्यक्ति बाहर से सफल दिखते हुए भी भीतर से टूटने लगता है।

सोशल मीडिया ने इस संकट को और गहरा किया है। एक ही छत के नीचे रहते हुए भी परिवार के सदस्य अलग-अलग आभासी दुनिया में जी रहे हैं। दिखावे की खुशी, तुलना की प्रवृत्ति और निरंतर उपलब्ध रहने का दबाव रिश्तों में असंतोष और तनाव पैदा कर रहा है। हम दूसरों की जिंदगी पर नजर रखने में इतने व्यस्त हो गए हैं कि अपने घर के भीतर चल रही

भावनाओं को समझने का समय ही नहीं बचा। यह स्थिति यदि यूं ही चलती रही तो परिवार केवल एक संरचना बनकर रह जाएगा, जिसमें आत्मा का अभाव होगा। ऐसे समय में आदर्श और अनुकरणीय परिवार व्यवस्था की पुनर्स्थापना कोई आसान काम नहीं है, लेकिन असंभव भी नहीं। इसके लिए सबसे पहले हमें यह स्वीकार करना होगा कि करियर और परिवार एक-दूसरे के विरोधी नहीं, बल्कि पूरक हैं। यह सोच बदलनी होगी कि सफलता का पैमाना केवल पद, पैसा और प्रतिष्ठा है। यदि इन सबके बीच परिवार में संवाद, स्नेह और अपनापन नहीं है, तो ऐसी सफलता अधूरी ही नहीं, खोखली भी है। नए वर्ष में हमें यह संकल्प लेना होगा कि हम अपने समय, ऊर्जा और प्राथमिकताओं का पुनर्मूल्यांकन करेंगे।

परिवार को बचाने के लिए किसी बड़े सिद्धांत की नहीं, बल्कि छोटे-छोटे व्यवहारिक बदलावों की जरूरत है। घर में रहते हुए कुछ समय तकनीक से दूरी बनाना, साथ बैठकर भोजन करना, बच्चों और बुजुर्गों की बातों को ध्यान से सुनना और एक-दूसरे की भावनाओं को महत्व देना, ये सब साधारण लगने वाले कदम ही परिवार को फिर से जोड़ सकते हैं। यह समझना जरूरी है कि गुणवत्ता पूर्ण समय केवल घंटों की संख्या से नहीं, बल्कि उस समय में मौजूद संवेदनशीलता और सहभागिता से तय होता है। नई परिवार व्यवस्था का अर्थ यह नहीं कि हम पुरानी परंपराओं को ज्यों का त्यों लौटा लें, बल्कि यह है कि हम आधुनिक जीवन की वास्तविकताओं के बीच संबंधों के मूल्यों को सुरक्षित रखें। जहां दोनों पति-पत्नी कामकाजी हैं, वहां जिम्मेदारियों का संतुलित बंटवारा, आपसी सहयोग और सम्मान परिवार को मजबूत बना सकता है। बच्चों को केवल प्रतिस्पर्धा की दौड़ के लिए तैयार करने के बजाय उन्हें भावनात्मक बुद्धिमत्ता, संवेदनशीलता और रिश्तों की अहमियत सिखाना भी उतना ही जरूरी है। बुजुर्गों को बोझ नहीं, बल्कि अनुभव और संस्कार की धरोहर मानकर सम्मान देना परिवार की आत्मा को जीवित रखता है।

घर पर रहते हुए भी कार्यस्थल से डिजिटल कनेक्टिविटी ने अलग तरह के तनाव को जन्म दिया है। रही-सही कसर घर से कार्यस्थल की लंबी दूरी पूरी कर देती है जहां व्यक्ति को दिनभर का बड़ा हिस्सा सफर में बिताने की मजबूरी का सामना भी करना पड़ता है। खतरे की बात यह भी है कि दफ्तर में काम का दबाव कई बार व्यक्ति का आत्मविश्वास भी कमजोर कर देता है। यह बात और है कि संस्थानों में काम के घंटे बढ़ाने का मुद्दा भी हमारे यहां बहस का विषय बनता रहा है। तर्क यह भी दिया जा रहा है कि वैश्विक स्तर पर उत्पादकता बढ़ाने का विकल्प कार्य के घंटे बढ़ाना ही हो सकता है। इसीलिए श्रम कानून में भी काम के घंटे बढ़ाने की छूट दी जा रही है। इसमें दो राय नहीं कि अधिक से अधिक कमाने की चाहत के साथ-साथ कार्यस्थल पर काम का बोझ भी बढ़ा है।यह भी जरूरी है कि संस्थान और समाज दोनों स्तरों पर वर्क-लाइफ बैलेंस को गंभीरता से लिया जाए। केवल कानून बनाना पर्याप्त नहीं, बल्कि कार्यसंस्कृति में मानवीय दृष्टिकोण को शामिल करना होगा। उत्पादकता का अर्थ केवल लंबे काम के घंटे नहीं, बल्कि संतुलित और संतुष्ट कर्मचारी भी है। जब व्यक्ति का पारिवारिक जीवन स्थिर होता है, तभी वह कार्यस्थल पर रचनात्मक और प्रभावी योगदान दे पाता है।

नए वर्ष की दहलीज पर खड़े होकर यह आत्ममंथन जरूरी है कि यदि हमने आज परिवार को प्राथमिकता नहीं दी, तो आने वाली पीढ़ियों को केवल सुविधाएं तो मिलेंगी, लेकिन संबंधों की गर्मी नहीं। परिवार केवल साथ रहने का नाम नहीं, बल्कि साथ महसूस करने की प्रक्रिया है। यदि यह प्रक्रिया टूट गई तो समाज की नींव कमजोर हो जाएगी। इसलिए 2026 की ओर कदम बढ़ाते हुए हमें यह संकल्प लेना होगा कि हम तकनीक का उपयोग जीवन को सरल बनाने के लिए करेंगे, संबंधों को प्रतिस्थापित करने के लिए नहीं।

करियर की ऊंचाइयों के साथ-साथ परिवार की जड़ों को भी सींचेंगे, ताकि आधुनिकता और मानवीयता के बीच संतुलन बना रहे। यही संतुलन एक नई, सशक्त और अनुकरणीय परिवार व्यवस्था की नींव रख सकता है, जो बदलते समय में भी रिश्तों की रोशनी को बुझने नहीं देगा।

2026 : हिंदू राष्ट्र की धमक !

राजेंद्र शर्मा

सीधी-सरल भाषा में इस पूरी शाब्दिक कसरत का अर्थ यही है कि मोहन भागवत का संगठन, यह जानते-समझते हुए भी कि यह भारत के वर्तमान संविधान के खिलाफ है, भारत को हिंदू राष्ट्र मानता है और सबसे मनवाने के लिए यानी हिंदू राष्ट्र बनाने के लिए, काम कर रहा है और करता रहेगा। इसके लिए वह संविधान के ही बदले जाने के भरोसे बैठा तो नहीं रहेगा। हां! संविधान भी अगर उसकी भाषा बोलने लगे तब तो कहना ही क्या? मोदी-शाह ही भाजपा के लिए संघ की सौवीं सालगिरह पर भागवत ने अगला टास्क तय कर दिया है–संविधान बदलकर कर उसमें वह शब्द (हिंदू राष्ट्र) जुड़वाना

'मनरेगा' को मारकर आया 'जी राम जी'

आरएसएस के सौ साल पूरे होने के मौके पर देश के अलग-अलग हिस्सों में आयोजित की जा रही व्याख्यान श्रृंखला में उसके सर-संघचालक, मोहन भागवत 2025 के आखिरी पखवाड़े में कोलकाता में बोल रहे थे। यहां बोलते हुए भागवत ने कुछ ऐसा कहा जो पहली नजर में बहुतों को आरएसएस की जानी-पहचानी लफ्फाजी का दोहराव लग सकता है, लेकिन थोड़ा गौर से देखते ही उसकी खतरनाक अर्थध्वनियां सुनाई देने लगती हैं। प्रकटतः तो भागवत आरएसएस का जाना-पहचाना दावा ही दुहरा रहे थे कि भारत एक हिंदू राष्ट्र था, है और रहेगा! 'जब तक इस देश में एक व्यक्ति भी भारतीय पूर्वजों की गौरवाशाली विरासत में विश्वास करता है, तब तक भारत एक हिंदू राष्ट्र है', आदि। लेकिन, इस व्याख्यान में आरएसएस के मुखिया संभवतः पहली बार, भारत के हिंदू राष्ट्र होने के अपने दावे को, उस भारतीय संविधान के ही सामने खड़ा कर देते हैं, जो स्पष्ट रूप से भारत के एक धर्मनिरपेक्ष, बहुलवादी राष्ट्र होने की संकल्पना पर आधारित है।

बेशक, भागवत हिंदू राष्ट्र के अपने दावे को, उपनिवेशविरोधी राष्ट्रवादी संघर्ष की कोख से निकले और आंबेडकर की कलम के माध्यम से, सामाजिक बराबरी और भाईचारे की रौशनाई से लिखे गए, संविधान के साथ सीधे टकराने से बचाकर निकालने की कोशिश करने की चतुराई भी बरतते हैं और प्रकटतः यह दावा करने पर खुद को रोक भी लेते हैं कि इसके लिए संविधान की मंजूरी की जरूरत नहीं है कि 'हिंदुस्तान एक हिंदू राष्ट्र है'। फिर भी वह संविधान की मंजूरी होने या होने से फर्क ही नहीं पड़ने की इस झूठी मुद्रा पर ही नहीं रुके रहते हैं। वह खुलेआम राजनीति के मैदान में उतरते हुए, इसकी अनिष्टकर संभावना की ओर भी इशारा करते हैं कि "अगर संसद कभी संविधान में संशोधन कर वह शब्द जोड़ने का फैसला करती है..."; वह शब्द यानी हिंदू राष्ट्र। यह दूसरी बात है कि इस संभावना के जिक्र के साथ भी वह यह जोड़ना नहीं भूलते हैं कि संसद अगर ऐसा "न भी करे, तो हमें उससे कोई फर्क नहीं पड़ता। हमें उस शब्द की परवाह नहीं है, क्योंकि हम हिंदू हैं और हमारा राष्ट्र हिंदू राष्ट्र है। यही सच्चाई है।"

सीधी-सरल भाषा में इस पूरी शाब्दिक कसरत का अर्थ यही है कि मोहन भागवत का संगठन, यह जानते-समझते हुए भी कि यह भारत के वर्तमान संविधान के खिलाफ है, भारत को हिंदू राष्ट्र मानता है और सबसे मनवाने के लिए यानी हिंदू राष्ट्र बनाने के लिए, काम कर रहा है और करता रहेगा। इसके लिए वह संविधान के ही बदले जाने के भरोसे बैठा तो नहीं रहेगा। हां! संविधान भी अगर उसकी भाषा बोलने लगे तब तो कहना ही क्या? मोदी-शाह ही भाजपा के लिए संघ की सौवीं सालगिरह पर भागवत ने अगला टास्क तय कर दिया है–संविधान बदलकर कर उसमें वह शब्द (हिंदू राष्ट्र) जुड़वाना!

और साल के उसी अंतिम पखवाड़े में मोदी-शाह की हुकूमत क्या कर रही थी? देश की आबादी का कुल 2.3 फीसदी हिस्सा बनाने वाले ईसाइयों के सबसे बड़े धार्मिक त्यौहार पर, जो वैसे भी सबसे प्रेम तथा सौहार्द्र व मेल-जोल के संदेश के लिए ही जाना जाता रहा है, मोदी-शाह की भाजपा समेत, समूचे आरएसएस विचार परिवार के सरासर अकारण हमलों को, सामान्य बनाने की कोशिश की जा रही थी। भागवत के उपदेश की तरह, इस मामले में मोदी-शाह की हुकूमत दुहरी चाल चल रही थी। एक ओर संघ विचार परिवार के हिस्से के तौर पर, सिर्फ बजरंग दल, विहिप आदि जैसे कथित रूप से हाशिए के संगठन ही नहीं, केंद्र में मोदीशाही से लेकर, उत्तर प्रदेश में योगीशाही तक, धर्मनिरपेक्ष संविधान के अंतर्गत चुनी गयी भाजपायी सरकारें तक, एक त्यौहार के रूप में क्रिसमस को ही नकारने में लगी हुई थीं। केंद्र ने 25 दिसंबर को क्रिसमस की जगह तथाकथित सुशासन दिवस मनाने से जो शुरूआत की थी, उसे इस बार उत्तर प्रदेश तथा उत्तराखंड जैसे भाजपा-शासित राज्यों में क्रिसमस की छुट्टी ही रद्द करने तक पहुंचा दिया। वहां इस मौके पर व्यापक स्तर पर अटलबिहारी वाजपेयी का जन्म दिन मनाया गया, जिसके लिए बच्चों को खासतौर पर स्कूलों में बुलाया गया। इस मौके पर स्वयं प्रधानमंत्री ने लखनऊ में एक विशाल कार्यक्रम में 230 करोड़ रु. की लागत से बने "राष्ट्रीय प्रेरणा स्थल" और हार्मनी पार्क का उद्द्घाटन किया।

अपने "हिंदू राज" की, वाजपेयी के जन्म दिन से क्रिसमस को प्रतिस्थापित करने की इस तरह की कोशिशों से प्रेरणा पाकर, भाजपा समेत संघ परिवार के विभिन्न संगठनों ने देश के विभिन्न हिस्सों में, जाहिर है ।

'मनरेगा' को मारकर आया 'जी राम जी'

योगेन्द्र यादव

सरकार ने इस योजना का हर महत्वपूर्ण प्रावधान पलट दिया है। अब केंद्र सरकार तय करेगी कि किस राज्य में और उस राज्य के किस इलाके में रोजगार के अवसर दिए जाएंगे। केंद्र सरकार हर राज्य के लिए बजट की सीमा तय करेगी। राज्य सरकार तय करेगी कि खेती में मजदूरी के मौसम में किन दो महीनों में इस योजना को स्थगित किया जाएगा। अब स्थानीय स्तर पर क्या काम होगा, उसका फैसला भी ऊपर से निदेशों के अनुसार होगा। सबसे खतरनाक बात यह है कि अब इसका खर्चा उठाने की जिम्मेवारी राज्य सरकारों पर भी डाल दी गई है।

विपक्ष को ऐतराज है कि जिस ऐतिहासिक योजना को देश 'महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना' उर्फ 'मनरेगा' के नाम से जानता रहा है, उसके नाम से महात्मा गांधी को क्यों हटाया जा रहा है। यूँ भी सरकार द्वारा पारित नया नाम- 'विकसित भारत-रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण) विधेयक' उर्फ "वीबी-जी राम जी विधेयक"–काफी अटपटा था। पहले अंग्रेजी के 'एक्रोनिम' को सोचकर हिंदी के शब्द गढ़ने के इस तरीके में मैकॉले की गंध आती थी, लेकिन 'मनरेगा' की जगह सरकार द्वारा लाए जा रहे नए कानून का मसौदा देखकर लगा कि सरकार ने महात्मा गांधी का नाम मिटाकर ठीक ही किया। जब इस योजना की आत्मा ही नहीं बची, जब इसके मूल प्रावधान ही खत्म किए जा रहे हैं, तो नाम बचाने का क्या फायदा।

पहले समझ लें कि 'मनरेगा' नामक यह कानून क्यों ऐतिहासिक था। आजादी के कोई साठ साल बाद भारत सरकार ने इस कानून के जरिए पहली बार अपने संवैधानिक कर्तव्य का पालन करने की दिशा में एक कदम उठाया था। संविधान के 'नीति निर्देशक सिद्धांत' के तहत 'अनुच्छेद 39(ड्ड) और 41' सरकार को हर व्यक्ति के लिए 'आजीविका के साधन' और 'रोजगार का अधिकार' सुनिश्चित करने का निर्देश देते हैं। छह दशकों तक इसकी अनदेखी करने के बाद वर्ष 2005 में 'संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन' (यूपीए) सरकार ने संसद में 'राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम' पास किया और पहली बार देश के अंतिम व्यक्ति को इस बाबत एक हक दिया। यह कानून सम्पूर्ण अर्थ में रोजगार की गारंटी नहीं था, लेकिन इसके प्रावधान किसी सामान्य सरकारी रोजगार योजना से अलग थे।

यह कानून ग्रामीण क्षेत्र में हर व्यक्ति को अधिकार देता है कि वह सरकार से रोजगार की मांग कर सके। इसमें सरकारी अफसरों के पास किंतु-परंतु या बहानेबाजी की गुंजाइश बहुत कम छोड़ी गई थी। इस योजना का लाभ लेने की कोई पात्रता नहीं है। कोई भी ग्रामीण व्यक्ति अपने 'जॉब कार्ड' बनवाकर इसका लाभ उठा सकता है। रोजगार मांगने के लिए कोई शर्त नहीं है - जब भी रोजगार मांगा जाए, उसके दो सप्ताह में सरकार या तो उस व्यक्ति को काम देगी या फिर मुआवजा। इस योजना का अनूठा प्रावधान यह है कि इसमें बजट की कोई सीमा नहीं है- जब भी, जितने लोग चाहें, काम मांग सकते हैं और केंद्र सरकार को पैसे का इंतजाम करना पड़ेगा। इस तरह अधूरा ही सही, लेकिन पहली बार रोजगार के अधिकार को कानूनी जामा पहनाने की कोशिश हुई। दुनिया भर में इस योजना पर चर्चा हुई थी।

व्यवहार में यह कानून अपनी सही भावना के अनुरूप कुछ साल ही लागू हो पाया। 'मनरेगा' की दिहाड़ी बहुत कम थी और सरकारी बंदिशें बहुत ज्यादा। फिर भी मनमोहन सिंह सरकार ने इसका विस्तार किया। 'यूपीए' सरकार जाने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस कानून की खिल्ली उड़ाते हुए कहा था कि वे इसे 'यूपीए' के शेखचिल्लीपन के म्यूजियम के रूप में बचाए रखेंगे। पहले कुछ वर्षों मोदी सरकार ने इस योजना का गाला घोंटने की कोशिश भी की, लेकिन 'कोविड' आपदा के समय मोदी सरकार को इसी योजना का सहारा लेना पड़ा। सरकार की कोताही, अफसरशाही की बदनीयत और स्थानीय भ्रष्टाचार के बावजूद 'मनरेगा' ग्रामीण भारत के अंतिम व्यक्ति के लिए सहारा साबित हुई।

पिछले 15 वर्षों में इस योजना के चलते 4,000 करोड़ दिहाड़ी रोजगार दिया गया। ग्रामीण भारत में इस योजना के चलते 9.5 करोड़ काम पूरे हुए। हर वर्ष कोई 5 करोड़ परिवार इस योजना का फायदा उठाते रहे। इस योजना के चलते ग्रामीण क्षेत्रों में मजदूरी बढ़ी। 'कोविड' जैसे राष्ट्रीय संकट या अकाल जैसी स्थानीय आपदा के दौरान 'मनरेगा' ने लाखों परिवारों को भूख से बचाया, करोड़ों लोगों को पलायन से रोका।

अब मोदी सरकार ने इस ऐतिहासिक योजना को दफन करने का मन बना लिया है। जाहिर है, ऐसी किसी योजना को औपचारिक रूप से समाप्त करने से राजनीतिक घाटा होने का अंदेशा बना रहता है। इसलिए घोषणा यह हुई है कि योजना को 'संशोधित' किया जा रहा है। झांसा देने के लिए यह भी लिख दिया गया कि अब 100 दिन की बजाय 125 दिन रोजगार की गारंटी दी जाएगी, लेकिन यह गिनती तो तब शुरू होगी जब यह योजना लागू होगी, जब इसके तहत रोजगार दिया जाएगा। हकीकत यह है कि सरकार द्वारा संसद में पारित 'वीबी - जी राम जी विधेयक' एक तरह से रोजगार गारंटी के विचार को ही खत्म करता है। अब यह हर हाथ को काम के अधिकार की बजाय चुनिंदा लाभार्थियों को दिहाड़ी के दान की योजना बन जाएगी।

सरकार ने इस योजना का हर महत्वपूर्ण प्रावधान पलट दिया है। अब केंद्र सरकार तय करेगी कि किस राज्य में और उस राज्य के किस इलाके में रोजगार के अवसर दिए जाएंगे। केंद्र सरकार हर राज्य के लिए बजट की सीमा तय करेगी। राज्य सरकार तय करेगी कि खेती में मजदूरी के मौसम में किन दो महीनों में इस योजना को स्थगित किया जाएगा। अब स्थानीय स्तर पर क्या काम होगा।

नवनिर्मित पोस्टमार्टम वीडियोग्राफी सेल का उद्घाटन, पारदर्शिता और निष्पक्षता को मिलेगा बढ़ावा।

अखंड भारत संदेश

गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक द्वारा मुख्य चिकित्साधिकारी गाजीपुर के सहयोग से जनपद गाजीपुर में नवनिर्मित पोस्टमार्टम वीडियोग्राफी सेल ' का उद्घाटन फीता काटकर किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया कि इस आधुनिक सेल की स्थापना का मुख्य उद्देश्य पोस्टमार्टम प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करना है। विशेष रूप से संवेदनशील मामलों, जैसे- दहेज मृत्यु, पुलिस अभिरक्षा में मृत्यु, या अन्य संदिग्ध मामलों में पोस्टमार्टम की वीडियोग्राफी अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। यह सेल इन वीडियो साक्ष्यों को सुरक्षित रखने और समय पर न्यायालय/संबंधित

अधिकारियों को उपलब्ध कराने में अहम भूमिका निभाएगा।

यह सेल आधुनिक कंप्यूटर सिस्टम और वीडियोग्राफी उपकरणों से सुसज्जित है, जिससे रिकॉर्ड्स का डिजिटल रखरखाव बेहतर तरीके से किया जा सकेगा। उद्घाटन के पश्चात, अधिक्षक ने सेल का निरीक्षण किया और वहां नियुक्त पुलिस कर्मियों को निर्देशित किया कि वे पूरी सतर्कता और तकनीकी दक्षता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें।

अकीदत और अमन के पैगाम के साथ हजरत शाहनिन्द पीर गाजी का 726वाँ उर्स सम्पन्न।

अखंड भारत संदेश

गाजीपुर। जनपद के थाना कोतवाली मुहम्मदाबाद अंतर्गत क्षेत्र में स्थित प्रसिद्ध सूफी संत हजरत शाहनिन्द पीर गाजी की दरगाह पर उनका 726वाँ सालाना उर्स पूरी श्रद्धा, अकीदत और शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुआ। उर्स के अवसर पर नगर समेत आसपास के ग्रामीण अंचलों से हजारों जायरीनों ने दरगाह पर हाजिरी लगाकर देश में अमन-चैन, खुशहाली और तरक्की की दुआएँ मांगीं।

उर्स के मौके पर दरगाह को रंग-बिरंगी रोशनियों और फूलों से भव्य रूप से सजाया गया था। सुबह से ही जायरीनों का तांता लगा रहा, जो देर रात तक जारी रहा। उर्स के

दौरान चादरपोशी, फातिहा, खास दुआओं और सूफियाना कलाम का आयोजन किया गया। शाम के समय हुई कव्वाली ने पूरे माहौल को रूहानियत से भर दिया। कव्वालों ने सूफी संतों की शान में कलाम पेश कर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया।

जायरीनों की सुविधा के लिए दरगाह परिसर में लंगर की व्यापक व्यवस्था की गई, जहाँ बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

जिलाधिकारी ने किया भूमि का स्थलीय निरीक्षण

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। नगर पालिका परिषद के ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के तहत सोनेपुर स्थित पुलिया के समीप प्रस्तावित ट्रांसफर स्टेशन के अधिष्ठापन के लिए चिन्हित भूमि का गुरुवार को जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने स्थलीय निरीक्षण किया गया। इस दौरान ट्रांसफर स्टेशन की स्थापना से संबंधित विभिन्न तकनीकी एवं प्रशासनिक पहलुओं पर विचार-विमर्श किया गया।

निरीक्षण के दौरान सम्बन्धित अधिकारियों ने बताया कि ट्रांसफर स्टेशन का निर्माण लगभग 40 लाख रुपये की लागत से किया जाना प्रस्तावित है। इस पर जिलाधिकारी ने नगर क्षेत्र में कचरा संग्रहण, परिवहन एवं निस्तारण की वर्तमान व्यवस्था की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। कहा कि ट्रांसफर स्टेशन में प्रवेश व्यवस्था एक दिशा से सुनिश्चित की जाए, जिससे यातायात एवं संचालन में किसी प्रकार की असुविधा न हो। निर्देशित किया कि योजना के अंतर्गत नगर क्षेत्र से एकत्रित ठोस अपशिष्ट को मरजादपुर स्थित एम.आर.एफ. (मैटेरियम रिकवरी फैसेलिटी) सेंटर भेजा जाए, जिससे कचरे का वैज्ञानिक ढंग से पृथक्करण एवं निस्तारण सुनिश्चित हो सके और नगर की स्वच्छता व्यवस्था में गुणात्मक सुधार हो। इस मौके पर प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय अरुण कुमार, उप जिलाधिकारी कर्वी पूजा साहू, तहसीलदार चंद्रकांत तिवारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका लाल जी, सफाई एवं खाद निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला, कर निरीक्षक राहुल पांडेय, डीपीएम शिवा कुमार सहित संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

कराया गया भण्डारा

चित्रकूट। मानिकपुर क्षेत्र के टिकरिया मारकुंडी अंतर्गत स्थित सन्यासी बाबा स्थान में नगर पालिका परिषद सभासद अरुण कुमार उर्फ जग्गू द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी नए वर्ष के अवसर पर गुरुवार को भंडारे का आयोजन किया गया। सभासद ने बताया कि विगत कई वर्षों से नए वर्ष में अवसर पर कीर्तन एवं भजन के साथ भण्डारे का आयोजन किया जाता है। जिसमें ग्रामीणों सहित क्षेत्र के आदिवासी एवं कोल समाज के लोग प्रसाद ग्रहण करते है।

खोए हुए फोन पाकर मोबाइल धारकों के चेहरे में दिखी खुशी

चित्रकूट। जनपद की एसओजी-सर्विलांस टीम ने गुमशुदा एवं खोए हुए कुल 110 मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक धारकों को सौंपे। बरामद मोबाइल फोन की अनुमानित कीमत लगभग 11 लाख 75 हजार रुपये है। एसओजी-सर्विलांस टीम के प्रभारी निरीक्षक एम.पी. त्रिपाठी ने बताया कि मोबाइल धारकों ने अपने मोबाइल फोन खो जाने के संबंध में विभिन्न तिथियों में सी.ई.आई.आर. पोर्टल तथा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए थे। प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक द्वारा गुमशुदा मोबाइलों की शीघ्र बरामदगी के निर्देश दिए। जिसके अनुक्रम में एसओजी टीम के मुख्य आरक्षी जितेन्द्र कुमार, नितेश समाधिया, आरक्षी रोहित सिंह, आशीष यादव, ज्ञानेश मिश्रा, पवन राजपूत, राघवेन्द्र, रोशन सिंह व गोलू भार्गव द्वारा लगभग 11 लाख 75 हजार कीमत के कुल 110 बरामद किए। जिन्हें नव वर्ष के अवसर पर गुरुवार को उनके वास्तवित धारकों के सुपुर्द किया गया। अपने खोए हुए मोबाइल पुनः प्राप्त कर मोबाइल धारकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए पुलिस को धन्यवाद दिया।

अर्द्ध विक्षिप्त नाबालिग बालिका के साथ दुराचार के आरोपी को 25 वर्ष का कठोर कारावास

चित्रकूट। मानसिक रूप से विक्षिप्त नाबालिग लड़की के साथ दुराचार के मामले में आरोपी को न्यायालय में 25 वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 50,000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। विशेष लोक अभियोजक तेजप्रताप सिंह ने बताया कि बीती 5 अप्रैल को एक महिला ने रैपुरा थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस को दी गई तहरीर में महिला ने बताया कि उसकी मानसिक रूप से विक्षिप्त नाबालिग पुत्री के साथ अगरहुड़ा निवासी छोटू उर्फ तेजप्रताप गुप्ता ने दुराचार किया था। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज करते हुए दूसरे दिन ही आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। साथ ही न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद गुरुवार को विशेष न्यायधीश रेनू मिश्रा ने इस मामले में निर्णय सुनाया। जिसमें दोष सिद्ध होने पर आरोपी छोटू उर्फ तेज प्रताप गुप्ता को 25 वर्ष कठोर कारावास और 50,000 रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

देशी रायफल के साथ हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

चित्रकूट। जनपद में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में थाना मऊ के अपराध निरीक्षक अंजनी कुमार सिंह तथा उनकी टीम उपनिरीक्षक अनूप कुमार शुक्ला, आरक्षी दुर्गेश नंदन पटेल व प्रकाश मिश्रा द्वारा हिस्ट्रीशीटर आरोपी कामता उर्फ पट्टू निषाद निवासी ग्राम चंदेल का पुरवा मजरा वियावल थाना मऊ को देशी रायफल-कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में आरोपी के विरुद्ध थाना मऊ में आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया। पुलिस के अनुसार आरोपी के विरुद्ध कई थानों में आधा दर्जन से अधिक ममाले पंजीकृत है।

कई वर्षों से बंद पड़े मार्ग के खुलने से ग्रामीणों में खुशी की लहर

चित्रकूट। सदर ब्लाक की अकबरपुर ब ग्राम पंचायत स्थित जूनियर हाइ स्कूल के पीछे का रास्ता खुल जाने से किसानों ने प्रसन्नता व्यक्त की है। समाजसेवी नागेंद्र प्रताप सिंह सिसोदिया सहित ग्रामवासियों ने इस रास्ते को खुलवाने के सम्बन्ध में भरतकूप थाना प्रभारी उपेन्द्र प्रताप सिंह को पत्र दिया था। जिसके बाद थाना प्रभारी द्वारा मार्ग को खुलवा दिया गया। कई वर्षों से बंद मार्ग के खुलने से ग्रामीणों ने प्रसन्नता व्यक्त की है। इस मार्ग के खुलने से स्कूली बच्चों के आने-जाने का रास्ता सुगम हो गया। क्षेत्र की जनता ने इस कार्य के लिए थाना प्रभारी उपेंद्र प्रताप सिंह को धन्यवाद दिया है।

पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों ने किया परिक्रमा मार्ग का भ्रमण

चित्रकूट। नव वर्ष के दृष्टिगत जनपद में शान्ति व सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने के उद्देश्य से गुरुवार को पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह व उपजिलाधिकारी न्यायिक सौरभ यादव ने परिक्रमा मार्ग का भ्रमण किया। परिक्रमा मार्ग के भ्रमण के दौरान एसपी व एसडीएम न्यायिक ने दुकानदारों, व्यापारी बंधुओ एवं क्षेत्रीय नागरिकों से वार्ता कर सुरक्षा का एहसास कराया। एसपी ने परिक्रमा मार्ग पर साफ-सफाई कराने के लिए सम्बन्धित को निर्देशित किया। साथ ही नव वर्ष पर धर्मनगरी आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा के मद्देनजर परिक्रमा मार्ग में तैनात पुलिस कर्मियों को भ्रमण करते रहने के निर्देश दिए। कहा कि सभी सतर्क दृष्टि बनाए रखें ताकि किसी भी प्रकार की कोई अप्रीय घटना न होने पाए। इस दौरान एसपी ने सड़क पर अवैध रुप किए गये अतिक्रमण को भी हटवाया। इस मौके पर सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

सीएमओ ने किया सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का औचक निरीक्षण

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी ने गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रामनगर का औचक निरीक्षण किया। यहां सीएमओ ने स्वास्थ्य सेवाओं सहित अन्य सुविधाओं का जायजा लिया। साथ ही चिकित्साधीक्षक को साफ-सफाई व पीन के पानी के साथ ठंड के दृष्टिगत सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान चिकित्सा अधिकारी डॉ शैलेन्द्र गौरव, फार्मासिस्ट चन्द्रप्रकाश सिंह, स्वच्छक नयनलाल व वार्डव्याय धमेन्द्र ड्यूटि मौजूद पाए गए। साथ ही आपातकालीन वार्ड में छह तथा सामान्य वार्ड में दो मरीज भर्ती पाए गए। सीएमओ ने केन्द्र के जननी सुरक्षा एवं एन.बी.एस.यू. वार्ड का भी निरीक्षण किया। जहां जननी सुरक्षा वार्ड में स्टाफ नर्स अनुराधा देवी एवं पूनम गौतम उपस्थित पाई गईं। साथ ही सात प्रसूताएं भर्ती पाई गईं। सीएमओ ने केन्द्र के परिसर में साफ-सफाई, पीने के पानी आदि की व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। साथ ही सर्दी के दृष्टिगत अस्पताल में भर्ती मरीजो के वार्ड में हीटर, कम्बल आदि की व्यवस्था करने तथा बेड में साफ गद्दे एवं चादर लगाने के लिए अधीक्षक को निर्देशित किया। इसके अलावा मरीज के साथ आये हुए परिजनों के रूकने की उचित व्यवस्था करने के साथ अलाव की भी व्यवस्था करने के निर्देश दिए। कहा कि आम जनमानस को ज्यादा से ज्यादा स्वास्थ्य विभाग के अन्तर्गत संचालित योजनाओं की जानकारी दे, ताकि वह स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ प्राप्त कर सकें।

सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करते के लिए वाहन को किया गया रवाना

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह जनवरी के तहत गुरुवार को पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह व अपर जिलाधिकारी न्यायिक अरुण कुमार ने जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह वाहन जनपद की सभी तहसीलों का भ्रमण कर लोगों को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक करेगा। कलेक्टरेट परिसर में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने बताया कि जनपद में एक जनवरी से 31 जनवरी तक सड़क सुरक्षा माह के तहत आम जनमानस को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जागरूकता वाहन को रवाना किया गया है। बताया कि इस प्रचार वाहन के माध्यम से जिला मुख्यालय, राजापुर, मऊ व मानिकपुर तहसील क्षेत्र में सड़क सुरक्षा नियमों का प्रचार-प्रसार करते हुए लोगों जागरूक किया जाएगा। इस मौके पर अपर उपजिलाधिकारी अजय कुमार, सौरभ यादव, यातायात क्षेत्राधिकारी यामीन अहमद, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी रामप्रकाश सिंह, पीटीओ दीप्ति त्रिपाठी, सम्भागीय निरीक्षक (प्राविधिक) रवि शंकर, यातायात निरीक्षक शैलेन्द्र सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

एसपी व एडीएम ने दिखाई हरी झण्डी

समस्त क्षेत्रवासियों व जनपद वासियों को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं

2026 आपके जीवन में ढेर सारी खुशियाँ, नए लक्ष्य और शानदार सफलताएँ लेकर आए
समस्त क्षेत्रवासियो एवं जनपद वासियों
नव वर्ष 2026 के शुभ अवसर पर मंगलमय शुभकामनाएं
जय श्री कलेक्शन
प्रो. राजेश केशरवानी
मो. : 9984222205, 9792722760
के.एन. काम्पलेक्स, बस स्टॉप, भरवारी कौशाम्बी

2026 आपके जीवन में ढेर सारी खुशियाँ, नए लक्ष्य और शानदार सफलताएँ लेकर आए
समस्त क्षेत्रवासियो एवं जनपद वासियों
नव वर्ष 2026 के शुभ अवसर पर मंगलमय शुभकामनाएं
सविता देवी
ग्राम प्रधान
भइला मखदूमपुर ब्लॉक मंझनपुर जनपद कौशांबी
सौजन्य से पवन कुमार यादव

MADHU VACHASPATI INSTITUTE OF NURSING
Affiliated to UPSMF Lucknow To be approved by INC, Delhi
Atal Bihari Vajpayee Medical University
Institute Code 1649
MV Knowledge City, Rasoolabad Urf Koilaha, G.T. Road, Puramufti, Kaushambi - 212213 (U.P.)
समस्त देशवासियों को
नव वर्ष एवं गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
G.N.M.
B.Sc. Nursing
Dr. Vachaspati Founder
Dr. Madhupati Chairperson
Mob.: 8840666961, 7905255076, 9140916180, 9340692846

2026 आपके जीवन में ढेर सारी खुशियाँ, नए लक्ष्य और शानदार सफलताएँ लेकर आए
समस्त क्षेत्रवासियो एवं जनपद वासियों
नव वर्ष 2026 के शुभ अवसर पर मंगलमय शुभकामनाएं
पूनम सिंह
ग्राम प्रधान
पंचायत सचिव मनोज कुमार त्रिपाठी
ग्राम पंचायत चक थांभा मंझनपुर कौशांबी

2026 आपके जीवन में ढेर सारी खुशियाँ, नए लक्ष्य और शानदार सफलताएँ लेकर आए
समस्त क्षेत्रवासियो एवं जनपद वासियों
नव वर्ष 2026 के शुभ अवसर पर मंगलमय शुभकामनाएं
केशव देवी पब्लिक स्कूल
म्योहार जनपद कौशाम्बी

2026 आपके जीवन में ढेर सारी खुशियाँ, नए लक्ष्य और शानदार सफलताएँ लेकर आए
समस्त क्षेत्रवासियो एवं जनपद वासियों
नव वर्ष 2026 के शुभ अवसर पर मंगलमय शुभकामनाएं
वरदान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल एवं शिबरा अल्ट्रासाउंड सेन्टर
सुविधाएं : आई.सी.यू. ए एन.आई.सी.यू., ई.सी.जी., सभी प्रकार प्रकार के आपरेशन की सुविधा उपलब्ध
दूरबीन विधि द्वारा सभी प्रकार के आपरेशन की सुविधा उपलब्ध
पता : धाता रोड, सिराथू-कौशाम्बी । डायरेक्टर : जफीरूल हसन । मो. : 9935051331

2026 आपके जीवन में ढेर सारी खुशियाँ, नए लक्ष्य और शानदार सफलताएँ लेकर आए
समस्त क्षेत्रवासियो एवं जनपद वासियों
नव वर्ष 2026 के शुभ अवसर पर मंगलमय शुभकामनाएं
अरविंद सिंह
जिला अध्यक्ष
महामंत्री मोहम्मद नसर
ग्राम विकास अधिकारी एसोसिएशन जनपद कौशांबी

2026 आपके जीवन में ढेर सारी खुशियाँ, नए लक्ष्य और शानदार सफलताएँ लेकर आए
समस्त क्षेत्रवासियो एवं जनपद वासियों
नव वर्ष 2026 के शुभ अवसर पर मंगलमय शुभकामनाएं
बिट्टन देवी
ग्राम प्रधान टेवा
विकासखंड मंझनपुर जनपद कौशांबी

2026 आपके जीवन में ढेर सारी खुशियाँ, नए लक्ष्य और शानदार सफलताएँ लेकर आए
समस्त क्षेत्रवासियो एवं जनपद वासियों
नव वर्ष 2026 के शुभ अवसर पर मंगलमय शुभकामनाएं
अवधेश नारायण शुक्ला
पूर्व जिला अध्यक्ष
विश्व हिंदू परिषद कौशांबी

2026 आपके जीवन में ढेर सारी खुशियाँ, नए लक्ष्य और शानदार सफलताएँ लेकर आए
समस्त क्षेत्रवासियो एवं जनपद वासियों
नव वर्ष 2026 के शुभ अवसर पर मंगलमय शुभकामनाएं
NARAYAN SWAROOP HOSPITAL
डायरेक्टर :
डाक्टर राजीव सिंह
MBBS, MS, FIAGES, FMAS, FACRSI
डाक्टर सोनिया सिंह
MBBS, DNB
पता : ४०ए नीम सराय मुंडेरा प्रयागराज
• बेस्ट डॉक्टर्स • बेस्ट टीम • बेस्ट ट्रीटमेन्ट • बेस्ट रिजल्ट
४०ए, नीम सराय, मुण्डेरा, धूमनगंज, प्रयागराज, मो. 6393394090

2026 आपके जीवन में ढेर सारी खुशियाँ, नए लक्ष्य और शानदार सफलताएँ लेकर आए
समस्त क्षेत्रवासियो एवं जनपद वासियों
नव वर्ष 2026 के शुभ अवसर पर मंगलमय शुभकामनाएं
नरोत्तम दास केसरवानी
प्रांतीय मंत्री :
उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार
प्रतिनिधि मंडल उत्तर प्रदेश

2026 आपके जीवन में ढेर सारी खुशियाँ, नए लक्ष्य और शानदार सफलताएँ लेकर आए
समस्त क्षेत्रवासियो एवं जनपद वासियों
नव वर्ष 2026 के शुभ अवसर पर मंगलमय शुभकामनाएं
रंजीत पटेल ग्राम प्रधान
करेंटी मलाक भायल
सिराथू जनपद कौशाम्बी

2026 आपके जीवन में ढेर सारी खुशियाँ, नए लक्ष्य और शानदार सफलताएँ लेकर आए
समस्त क्षेत्रवासियो एवं जनपद वासियों
नव वर्ष 2026 के शुभ अवसर पर मंगलमय शुभकामनाएं
इंद्र राज सरोज
ग्राम प्रधान
गुवारा विकासखंड मंझनपुर जनपद कौशांबी

2026 आपके जीवन में ढेर सारी खुशियाँ, नए लक्ष्य और शानदार सफलताएँ लेकर आए
समस्त क्षेत्रवासियो एवं जनपद वासियों
नव वर्ष 2026 के शुभ अवसर पर मंगलमय शुभकामनाएं
एस.ए.जी.एम कॉन्वेंट स्कूल
गनपा कड़ा कौशाम्बी
प्रबंधक : जवाहर लाल कुशवाहा
मो. : 7318590757, 9651532175

2026 आपके जीवन में ढेर सारी खुशियाँ, नए लक्ष्य और शानदार सफलताएँ लेकर आए
समस्त क्षेत्रवासियो एवं जनपद वासियों
नव वर्ष 2026 के शुभ अवसर पर मंगलमय शुभकामनाएं
अजय कुमार सिंह
प्रधानाध्यापक
प्राथमिक विद्यालय ओसा प्रथम मंझनपुर कौशांबी

2026 आपके जीवन में ढेर सारी खुशियाँ, नए लक्ष्य और शानदार सफलताएँ लेकर आए
समस्त क्षेत्रवासियो एवं जनपद वासियों
नव वर्ष 2026 के शुभ अवसर पर मंगलमय शुभकामनाएं
तमन्ना बीबी
ग्राम प्रधान
पश्चिम कोतरी मंझनपुर जनपद कौशांबी

2026 आपके जीवन में ढेर सारी खुशियाँ, नए लक्ष्य और शानदार सफलताएँ लेकर आए
समस्त क्षेत्रवासियो एवं जनपद वासियों
नव वर्ष 2026 के शुभ अवसर पर मंगलमय शुभकामनाएं
लवकुश साहू
पूर्व ग्राम प्रधान चक सहनपुर
मंझनपुर जनपद कौशांबी

2026 आपके जीवन में ढेर सारी खुशियाँ, नए लक्ष्य और शानदार सफलताएँ लेकर आए
समस्त क्षेत्रवासियो एवं जनपद वासियों
नव वर्ष 2026 के शुभ अवसर पर मंगलमय शुभकामनाएं
रवि प्रकाश रावेन्द्र
वरिष्ठ कांग्रेस नेता
जनपद कौशांबी

2026 आपके जीवन में ढेर सारी खुशियाँ, नए लक्ष्य और शानदार सफलताएँ लेकर आए
समस्त क्षेत्रवासियो एवं जनपद वासियों
नव वर्ष 2026 के शुभ अवसर पर मंगलमय शुभकामनाएं
भारत ब्रिक फील्ड
हिसामपुर करारी जनपद कौशांबी
प्रो. : रमेश चंद्र अग्रहरी

2026 आपके जीवन में ढेर सारी खुशियाँ, नए लक्ष्य और शानदार सफलताएँ लेकर आए
समस्त क्षेत्रवासियो एवं जनपद वासियों
नव वर्ष 2026 के शुभ अवसर पर मंगलमय शुभकामनाएं
उच्च प्राथमिक विद्यालय
अहिराा सिराथू कौशांबी

2026 आपके जीवन में ढेर सारी खुशियाँ, नए लक्ष्य और शानदार सफलताएँ लेकर आए
समस्त क्षेत्रवासियो एवं जनपद वासियों
नव वर्ष 2026 के शुभ अवसर पर मंगलमय शुभकामनाएं
बलराम सिंह पटेल
प्रधान ग्राम पंचायत तरसौरा
विकास खंड सिराथू कौशांबी

2026 आपके जीवन में ढेर सारी खुशियाँ, नए लक्ष्य और शानदार सफलताएँ लेकर आए
समस्त क्षेत्रवासियो एवं जनपद वासियों
नव वर्ष 2026 के शुभ अवसर पर मंगलमय शुभकामनाएं
विश्वनाथ प्रसाद पीजी महाविद्यालय
भिखनापुर मूरतगंज कौशांबी
प्रबंधक :
हरिओम केसरवानी

2026 आपके जीवन में ढेर सारी खुशियाँ, नए लक्ष्य और शानदार सफलताएँ लेकर आए
समस्त क्षेत्रवासियो एवं जनपद वासियों
नव वर्ष 2026 के शुभ अवसर पर मंगलमय शुभकामनाएं
पाल क्लीनिक
सैय्यद सरावां जनपद कौशांबी
डॉक्टर पाल
२४ घंटे इमरजेंसी सेवा उपलब्ध है कुशल चिकित्सकों द्वारा इलाज किया जाता है

समस्त क्षेत्रवासियों को
2026 नववर्ष की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
रमेश अग्रहरि
वरिष्ठ प्रान्तीय महामंत्री - उ.प्र. उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल
प्रदेश अध्यक्ष - अग्रहरि समाज उत्तर प्रदेश
कार्यकारी अध्यक्ष - इंटरनेशनल वैश्य महासम्मेलन, उ०प्र०

समस्त क्षेत्रवासियो एवं जनपद वासियों नव वर्ष 2026 की हार्दिक शुभकामनाए
CHANDRA SHEKHAR SINGH Group of Institutions
प्रवेश प्रारम्भ
फार्मासिस्ट कोर्स
• M. Pharm
• B. Pharm
• D. Pharm
College Code 552
BTE Code 4193
CSSCP ESTD. 2009
Mob. : 9329582143, 9300640664, 9389334199
E-mail : csscp.allahabad@gmail.com
Website : www.csscp.co.in
आयुर्वेद कोर्स
• M.D. & M. S.
• B.A.M.S.
• D. Pharm (Ayurved)
• G.N.M. (Ayurved)
• CCYP (Yoga)
चन्द्रशेखर सिंह आयुर्वेद संस्थान
CSSAS KAUSHAMBI
Mob. : 7524037425, 9956514123
E-mail : cssas.allahabad@gmail.com
Website : www.cssas.org
कोइलहा, (जी.टी. रोड) पुरामुफ्ती, प्रयागराज (कौशाम्बी)-212213

2026 आपके जीवन में ढेर सारी खुशियाँ, नए लक्ष्य और शानदार सफलताएँ लेकर आए
समस्त क्षेत्रवासियो एवं जनपद वासियों
नव वर्ष 2026 के शुभ अवसर पर मंगलमय शुभकामनाएं
रमेश कुमार
रेंजर वन विभाग
चायल बेनीराम कटरा
जनपद कौशांबी

2026 आपके जीवन में ढेर सारी खुशियाँ, नए लक्ष्य और शानदार सफलताएँ लेकर आए
समस्त क्षेत्रवासियो एवं जनपद वासियों
नव वर्ष 2026 के शुभ अवसर पर मंगलमय शुभकामनाएं
सुनील कुमार तिवारी
ग्राम प्रधान एवं समाजसेवी
बक्शी का पूरा गोराजू पभोषा जनपद कौशांबी

2026 आपके जीवन में ढेर सारी खुशियाँ, नए लक्ष्य और शानदार सफलताएँ लेकर आए
समस्त क्षेत्रवासियो एवं जनपद वासियों
नव वर्ष 2026 के शुभ अवसर पर मंगलमय शुभकामनाएं
डॉ रेखा यादव
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
मंझनपुर कौशांबी

2026 आपके जीवन में ढेर सारी खुशियाँ, नए लक्ष्य और शानदार सफलताएँ लेकर आए
समस्त क्षेत्रवासियो एवं जनपद वासियों नव वर्ष 2026 की हार्दिक शुभकामनाएं
न्यू नवजीवन हॉस्पिटल
आधुनिक संपूर्ण सुविधाओं से युक्त अस्पताल
प्रबंधक : डॉक्टर सिद्दीकी
इमरजेंसी सेवा २४ घंटे उपलब्ध है कुशल महिला चिकित्सकों द्वारा प्रसव की सुविधा उपलब्ध है
बेनीराम कटरा सराय अकिल जनपद कौशांबी

2026 आपके जीवन में ढेर सारी खुशियाँ, नए लक्ष्य और शानदार सफलताएँ लेकर आए
समस्त क्षेत्रवासियो एवं जनपद वासियों
नव वर्ष 2026 के शुभ अवसर पर मंगलमय शुभकामनाएं
लला ठेकेदार
जल निगम
बलीपुर टाटा चरवा जनपद कौशांबी